RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 अंक-206 जयपुर, शनिवार, 24 जनवरी 2026 मूल्य-4 रुपये


पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से बदला मौसम

# राजस्थान में आंधी-बारिश के साथ ओले गिरे

### शिमला-मनाली में सीजन की पहली बर्फबारी

### श्रीनगर एयरपोर्ट पर जमी 4 इंच बर्फ

जयपुर





उत्तर भारत में वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होने से मौसम बदल गया है। राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली में देर रात से बारिश हो रही है। तेज हवाएं चल रही हैं। कई जिलों में तापमान घट गया है।

हिमालय के राज्यों में भी बारिश-बर्फबारी का दौर शुरू हो गया है। हिमाचल के शिमला-मनाली में सीजन की पहली बर्फबारी हुई। इससे साढ़े तीन महीने से चल रहा ड्राई स्पेल खत्म हो गया है। जम्मू-कश्मीर के मैदानी और पहाड़ी जिलों में बर्फबारी जारी है।

श्रीनगर एयरपोर्ट पर 4 इंच तक बर्फ जम गई है, इसके कारण शुक्रवार के लिए सभी फ्लाइट कैंसिल कर दी गई हैं। श्रीनगर-जम्मू हाईवे भी बंद है।

अधिकारियों ने मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले में 2,300 मीटर से ऊपर हाई-डेंजर लेवल के एवलॉन्च की चेतावनी जारी की है। वहीं, डोडा, किश्तवाड़, पुंछ, रामबन और उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा सहित जिलों में 2,500 मीटर से ऊपर हाई-डेंजर लेवल के एवलॉन्च की चातवनी दी है।

नवयुग टनल के पास ट्रैफिक रोक दिया गया है। मुगल, सिंथन रोड भी बंद हैं। कटरा में बर्फबारी के कारण वैष्णो देवी यात्रा रोक दी गई है। राजौरी, पुंछ और कठुआ में स्कूल बंद हैं।

### पुलिस ने बर्फबारी में फंसे 12 लोगों को बचाया

*जम्मू-कश्मीर में उधमपुर पुलिस ने बर्फबारी में फंसे महिलाओं और बच्चों समेत 12 लोगों को सफलतापूर्वक बचा लिया। बताया जा रहा है कि स्थानीय लोग चोचरू गल्ला इलाके में खराब मौसम के कारण फंस गए थे। चोचरू गल्ला इलाके से लगभग 12 किलोमीटर दूर संघ में पुलिस पोस्ट को एक इमरजेंसी कॉल मिली। इसके बाद अधिकारियों को तुरंत मौके पर भेजा गया। उधमपुर पुलिस अधिकारियों को उस इलाके तक पहुंचने में तीन घंटे लगे जहां स्थानीय लोग फंसे हुए थे।*

मौसम विभाग के मुताबिक, 26 जनवरी को दूसरा स्ट्रॉन्ग वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होगा। इससे उत्तर भारत के 9 राज्यों में बारिश और पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी हो सकती है। पश्चिमी विक्षोभ या वेस्टर्न डिस्टर्बेंस, पश्चिम से आने वाली हवा और बादलों का एक सिस्टम होता है। इसके एक्टिव होने से पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी, मैदानी क्षेत्रों में बारिश होती है। तापमान में गिरावट, पाला और कोल्डवेव के हालात बनते हैं।

### राजस्थान में 10 से ज्यादा जिलों में बरसात

राजस्थान में वेस्टर्न डिस्टरबेंस के एक्टिव होने के साथ ही मौसम में बड़ा बदलाव हुआ है। सीकर में शुक्रवार सुबह ओले गिरने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। वहीं, जयपुर, टोंक, नागौर सहित 10 से ज्यादा जिलों में बरसात हुई।

आंधी के साथ हुई सीजन की पहली मावठ के बाद राजधानी के तापमान में भी गिरावट हुई है। बरसात और ओलों से फसलों के नुकसान की आशंका बढ़ गई है। भरतपुर में आकाशीय बिजली गिरने से महिला झुलस गई, जबकि एक भैंस की मौत हो गई।

जयपुर में सीजन की पहली मावठ के साथ मौसम बदल गया है। सुबह 5 बजे आंधी के साथ रुक-रुककर शुरू हुआ बूंदाबादी का दौर 6.30 बजे तेज बरसात में बदल गया। बिजली की तेज गड़गड़ाहट के साथ हुई बरसात से तापमान में भी गिरावट हुई है। हवा ठंडी होने से एक बार फिर सर्दी लौटती महसूस हो रही है। वहीं, सीकर जिले के कई इलाकों में सुबह 6 बजे करीब ओले गिरे।

# भारत ने न्यूजीलैंड को 7 विकेट से हराया




### भारत ने 209 रन का टारगेट 15.2 ओवर में चेज

**नई दिल्ली।** भारत ने न्यूजीलैंड पर इस सीरीज की लगातार दूसरी जीत हासिल की। शुक्रवार को टीम इंडिया ने कीवियों को 7 विकेट से हराया। उसने 209 रन के टारगेट को 15.2 ओवर में 3 विकेट पर हासिल कर लिया। इसी के साथ 5 मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली। तीसरा मैच 25 जनवरी को गुवाहाटी में खेला जाएगा। रायपुर के शहीन वीर नारायण सिंह स्टेडियम में भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 37 बॉल पर नाबाद 82 रनों की नाबाद पारी खेली। जबकि ईशान किशन ने 32 बॉल पर 76 रन बनाए। दोनों के बीच 122 रन की साझेदारी हुई। अभिषेक शर्मा जीरो और संजू सैमसन 6 रन बनाकर आउट हुए।

टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए न्यूजीलैंड ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 208 रन बनाए। न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने नाबाद 47 रन की पारी खेली। रचिन रवींद्र ने 44 रन बनाए। भारत से कुलदीप यादव ने 2 विकेट झटके। ईशान किशन प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

# उज्जैन के तराना में फिर पथराव, पुलिस ने खदेड़ा

### बस फूंकी-दुकान जलाई, मंदिर पर हमला किया, अब तक 15 गिरफ्तार

तराना



उज्जैन के तराना में शुक्रवार रात करीब 9 बजे फिर से पथराव हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची और हलका बल प्रयोग करते हुए उपद्रवियों को इमली बाड़ा से खदेड़ दिया। उज्जैन के तराना कस्बे में गुरुवार रात शुरू हुआ विवाद शुक्रवार दोपहर बाद हिंसा में बदल गया। हालात उस समय बेकाबू हो गए, जब एक दुकान में आग लग गई और एक बस को फूंक दिया गया। आगजनी के बाद दोनों पक्षों के बीच पथराव शुरू हो गया, जिसमें एक युवक घायल हो गया। पुलिस ने 15 लोगों को गिरफ्तार किया है।

गुरुवार रात एक युवक से मारपीट की घटना के बाद दो समुदाय आमने-सामने आ गए थे। इस दौरान उपद्रवियों ने 13 बसों में तोड़फोड़ की। शुक्रवार को तनाव और बढ़ गया, जब हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने तराना थाने का घेराव किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोपियों का जुलूस निकालने और उनके घर तोड़ने की मांग की।

विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता थाने पहुंचे और नारेबाजी की। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के लिहाज से शुक्रवार को बाजार बंद रखने का फैसला किया।

### बद्रीनाथ के कपाट 23 अप्रैल को खुलेंगे

देहरादून।

उत्तराखंड के चमोली में स्थित बद्रीनाथ धाम के कपाट इस बार पिछले साल के मुकाबले 11 दिन पहले खुलेंगे। तय हुआ है कि बद्रीनाथ धाम के कपाट 23 अप्रैल को सुबह 6 बजकर 15 मिनट पर श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। वहीं उत्तरकाशी के गंगोत्री धाम और यमुनोत्री धाम के कपाट 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर विधि-विधान से भक्तों के लिए खोले जाएंगे। बसंत पंचमी के मौके पर आज नरेंद्र नगर राजमहल में विधि-विधान के साथ बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि की आधिकारिक घोषणा की गई।

# एमपी की भोजशाला में पूजा और नमाज साथ-साथ

### वाग्देवी का हवन चलता रहा, वॉलेंटियर जैकेट में की खुदा की इबादत

धार



मध्य प्रदेश में धार की भोजशाला में बसंत पंचमी पर मां वाग्देवी की पूजा और जुमे की नमाज साथ-साथ कराई गई। शुक्रवार सुबह 6 बजे सूर्योदय के साथ ही हिंदू समाज ने सरस्वती पूजन शुरू कर दिया, जो सूर्यास्त तक चला। वहीं, दोपहर में 1 से 3 बजे तक भोजशाला परिसर में ही मुस्लिम समाज ने नमाज अदा की।

इस मौके पर किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए जिला प्रशासन ने पूरी मुस्तैदी बरती। भोजशाला परिसर को 6 सेक्टर जबकि शहर को 7 जोन में बांटा गया था। स्थानीय पुलिस, सीआरपीएफ और रैपिड एक्शन फोर्स के 8 हजार से ज्यादा जवान शहरभर में तैनात रहे। ड्रोन और एआई की मदद से कोने-कोने पर नजर रखी गई।

हालांकि, नमाज पढ़ने को लेकर दो दावे सामने आए। जिला प्रशासन ने भोजशाला में ही मुस्लिम लोगों के शांतिपूर्वक नमाज अदा करने की बात कही। वहीं, गुलमोहर कॉलोनी के रहवासियों ने कहा कि डिप्टी कलेक्टर रोशनी पाटीदार, डीएसपी आनंद तिवारी ने उन्हें और उनके साथियों को 16 घंटे तक कमाल मौला मस्जिद में रोककर रखा, लेकिन उनसे नमाज नहीं पढ़वाई गई।

# श्रीसांवलियाजी में 6 राउंड में निकले 35.40 करोड़ रुपए

### भक्तों ने 2.80 करोड़ की चांदी और 90 लाख का सोना चढ़ाया

चित्तौड़गढ़

मेवाड़ के प्रसिद्ध कृष्ण धाम श्री सांवलियाजी मंदिर में भंडार की 6 राउंड में काउंटिंग पूरी कर ली गई हैं। शुक्रवार को अंतिम राउंड की काउंटिंग पूरी हुई, जिसमें सामने आया कि इस बार मंदिर भंडार से कैश और ऑनलाइन चढ़ावे से कुल 35 करोड़ 40 लाख 93 हजार 313 रुपए की प्राप्ति हुई है। इसमें भंडार से मिले कैश, और ऑनलाइन, मनी ऑर्डर व चेक के जरिए प्राप्त राशि शामिल है।


मंदिर मंडल के सदस्य पवन तिवारी ने बताया कि सोने-चांदी के भाव रिकॉर्ड स्तर पर होने के बाद भी श्रद्धालुओं की आस्था में कोई कमी नहीं आई हैं।

भगवान सांवरा सेठ को इस बार करीब 90 लाख रुपए का सोना और 2 करोड़ 80 लाख रुपए की चांदी चढ़ाई गई है। यानी कुल मिलाकर सोने-चांदी की भेंट भी लगभग 3 करोड़ 70 लाख रुपए की रही हैं।

# राजस्थान में बैलेट से होंगे पंच-सरपंच चुनाव

### केवल जिला परिषद, पंचायत समिति मेंबर के चुनाव ईवीएम से होंगे

जयपुर



राजस्थान में इस बार पंच और सरपंचों के चुनाव बैलेट (मतपत्र) से होंगे। केवल जिला परिषद, पंचायत समिति सदस्यों के चुनाव ही श्कड्रू से करवाए जाएंगे। राज्य निर्वाचन आयोग ने कलेक्टरों को पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों के लिए भेजी गाइडलाइन में पंच, सरपंच के चुनाव बैलेट से करवाने की तैयारियों के निर्देश दिए हैं।

जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के चुनावों में भी कई जगह श्कड्रूकम पड़ने पर उनके चुनाव भी कुछ जगहों पर बैलेट बॉक्स से करवाने की तैयारी रखने के लिए कहा गया है। प्रदेश में पिछले 3 बार से पंच, सरपंच सहित पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव ईवीएम से होते रहे हैं। पिछले चुनाव ईवीएम से हुए थे।

राज्य निर्वाचन आयोग ने पंच-सरपंच के चुनाव मतपेटियों (बैलेट बॉक्स) से करवाए जाने का हवाला देते हुए इनकी मरम्मत, ऑयलिंग, ग्रीसिंग का काम जल्द पूरा करवाने के निर्देश दिए हैं। जिन जिलों को एक्स्ट्रा बैलेट बॉक्स चाहिए, उनको राज्य निर्वाचन आयोग उपलब्ध करवाएगा।

केंद्रीय चुनाव आयोग ने राज्य निर्वाचन आयोग को राजस्थान के कोटे की ईवीएम का आवंटन कर दिया है। मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के पास उपलब्ध ईवीएम भी राजस्थान को देने की मंजूरी मिल गई है। राजस्थान को जल्द ही मध्यप्रदेश से ईवीएम का आवंटन हो जाएगा।

# कठुआ में जैश कमांड ढेर, अमेरिका मेड एम4 राइफल बरामद

कठुआ

जम्मू-कश्मीर के कठुआ में शुक्रवार शाम सुरक्षाबलों ने पाकिस्तान के आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के कमांडर उस्मान को मार गिराया। एनकाउंटर बिलावर इलाके में हुआ। यहां आतंकियों की तलाश में सर्च ऑपरेशन चल रहा है। उस्मान पिछले 3-4 साल से अन्य आतंकवादियों के साथ डोडा-उधमपुर-कौथा इलाके में एक्टिव था। एनकाउंटर की साइट से अमेरिका में बनी एम4 राइफल, हथियार और गोला-बारूद बरामद हुआ। सुरक्षाबलों और उस्मान का इससे पहले कठुआ, डोडा, बसंतगढ़, उधमपुर में भी आमना-सामना हुआ, लेकिन वो हर बार बच कर निकल जाता था। इस पर सुरक्षाबलों ने उसे ढेर कर दिया। आईजीपी जम्मू ने भी उस्मान के मारे जाने की पुष्टि की है।

पिछले हफ्ते सुरक्षाबलों की जॉइंट टीम ने बिलावर इलाके में ही आतंकियों के 3 ठिकानों का भंडाफोड़ किया था। मौके से कई चीजें बरामद की गई थीं। आज से पहले 7 जनवरी और 13 जनवरी को भी बिलावर इलाके के ही कहोग और नजोत जंगलों में सुरक्षाबलों और आतंकियों की मुठभेड़ हुई थी।

# बारिश के बीच गणतंत्र दिवस की फुल ड्रेस रिहर्सल

### कर्तव्य पथ पर जवानों का मार्च, ऑपरेशन सिंदूर-वंदे मातरम् की थीम पर झांकी



नई दिल्ली

नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर शुक्रवार को बारिश के बीच गणतंत्र दिवस परेड की फुल ड्रेस रिहर्सल हुई। बारिश के बावजूद सेना के जवानों ने कदमताल करते हुए मार्च किया। रिहर्सल में कई मंत्रालयों और विभागों की झांकियां भी शामिल रहीं। भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर और संस्कृति मंत्रालय ने वंदे मातरम् थीम पर झांकी निकाली।

बारिश के बावजूद दर्शक भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। उन्होंने छाते लेकर परेड और झांकियां देखीं।

26 जनवरी को भारत 77वां गणतंत्र दिवस मनाने जा रहा है। इस बार मुख्य परेड की थीम वंदेमातरम् पर रखी गई है। परेड के दौरान कर्तव्य पथ पर 30 झांकियां निकलेंगी, जो 'स्वतंत्रता का मंत्र-वंदे मातरम, समृद्धि का मंत्र-आत्मनिर्भर भारत' थीम पर आधारित होंगी।

तिरुवनंतपुरम में प्रधानमंत्री ने एलडीएफ-यूडीएफ पर निशाना साधा

# दोनों दलों ने केरल को भ्रष्टाचार के दुष्चक्र में धकेला

### मोदी बोले- तमिलनाडु में DMK सरकार का काउंटडाउन शुरू

तिरुवनंतपुरम



पीएम मोदी ने शुक्रवार को तमिलनाडु और केरल का दौरा किया। यहां उन्होंने दो रैलियों को संबोधित किया। केरल के तिरुवनंतपुरम में 55 मिनट की स्पीच में पीएम ने कहा कि 1987 के पहले गुजरात में बीजेपी एक हाशिए की पार्टी थी। अखबार में दो लाइन नहीं छपती थीं। 1987 में पहली बार अहमदाबाद में नगर निगम में जीत हासिल की, वैसे ही बीजेपी ने तिरुवनंतपुरम में हासिल की। यहां से केरल में भाजपा की नींव पड़ गई है। तमिलनाडु के चेंगलपट्टू में पीएम ने कहा कि राज्य के लोग डीएमके के कुशासन से मुक्ति चाहते हैं। डीएमके सरकार का काउंट डाउन शुरू हो चुका है। पीएम ने गांधी परिवार का नाम लिए बिना कहा कि तमिलनाडु सरकार बस एक परिवार की जी हुजूरी में लगी है। पीएम का तमिलनाडु और केरल का दौरा इसलिए भी खास है क्योंकि इसी साल अप्रैल-मई में विधानसभा चुनाव होने हैं।

डीएमके ने वादे बहुत किए लेकिन काम जीरो रहा। डीएमके सरकार को लोग भ्रष्ट सरकार बोल रहे हैं। यानी करप्शन माफिया और क्राइम को बढ़ावा देने वाली सरकार। तमिलनाडु की जनता डीएमके को उखाड़ फेंकने का मन बना चुकी है। यहां एनडीए की डबल इंजन सरकार बनना तय है।

डीएमके में वही आगे बढ़ता है जिसके पास करप्शन रूट, एब्यूज वूमेन रूट और एब्यूज अवर कल्चर रूट हैं। यही कारण है कि डीएमके में वहीं लोग आगे बढ़ रहे हैं जिन्हें ये सब काम आते हैं। तमिलनाडु का बच्चा बच्चा जानता है कि कहां कितना करप्शन हो रहा है और ये कमाई किसकी जेब में जा रही है।

बीते 11 सालों में एनडीए की केंद्र सरकार ने अभूतपूर्व काम किया है। 2014 से पहले दिल्ली में जब कांग्रेस गठबंधन की सरकार थी। तब तमिलनाडु के विकास के लिए कम फंड दिया जाता था। पिछले 11 साल में एनडीए सरकार ने 3 लाख करोड़ रुपए तमिलनाडु को दिए हैं।

ये कांग्रेस सरकार की तुलना में करीब 3 गुना है। एनडीए सरकार ने तमिलनाडु के वेलफेयर के लिए करोड़ों रुपए दिए हैं। कांग्रेस गठबंधन के कार्यकाल में गरीब, एससी, एसटी, ओबीसी के वेलफेयर के नाम पर सिर्फ घोटाले होते थे। हम सिर्फ तमिल संस्कृति की बात नहीं करते बल्कि उसकी रक्षा के लिए काम भी करते है। भगवान मुरुगन के दीप को लेकर विवाद खड़ा किया गया तो हमारे नेताओं ने आवाज उठाई।

## पत्नी से मिलने पहुंचा 9 साल से फरार हत्या का आरोपी यूपी से गिरफ्तार

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एक 9 साल के लंबे समय से फरार हत्या के आरोपी को उत्तर प्रदेश के आगरा जिले के रिछोहा गांव से गिरफ्तार किया है। यह मामला दिल्ली के कंझावला इलाके का है, जहां साल 2016 के अंत में नए साल की पूर्व संध्या पर विवाद ने एक जान ले ली थी। जानकारी के मुताबिक मोविन खान और मृतक मलखान दोनों ही कंझावला के लेबर चौक पर दिहाड़ी मजदूर थे। दिसंबर 2016 में दोनों के बीच 400 रुपए और मोबाइल फोन को लेकर विवाद हो गया था। नए साल की रात को मोविन मलखान से मिला। उस समय ज्यादातर साथी न्यू ईयर मना रहे थे और मलखान नशे में था। गुस्साए मोविन ने मलखान का गला रेत दिया और शव को सावदा गांव के खेत में फेंक दिया। कुछ घंटों बाद मलखान गंभीर हालत में मिला था जिसकी बाद में अस्पताल में मौत हो गई। हत्या के तुरंत बाद मोविन दिल्ली से फरार हो गया। वह लगातार जगह बदलता रहा और बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में छिपता रहा। कोर्ट ने उसे भगोड़ा घोषित कर दिया था और पुलिस ने उसके खिलाफ चार्जशीट भी दाखिल कर दी थी। वह अपने परिवार से भी कम ही संपर्क करता था। पिछले पांच महीनों से क्राइम ब्रांच की टीम चार राज्यों में उसकी तलाश में जुटी थी। डीसीपी (क्राइम) ने बताया कि टीम ने हार नहीं मानी और समन्वय के साथ छापेमारी की। पिछले हफ्ते पुलिस को सूचना मिली कि मोविन आगरा से अपनी पत्नी से संपर्क करने की कोशिश कर रहा है। टीम ने तुरंत कार्रवाई की और उसे गिरफ्तार कर लिया।

## अमृतसर स्थित गोल्डन टेंपल के पास निहंगों ने मंहत की कर दी पिटाई

अमृतसर (एजेंसी)। पंजाब के अमृतसर स्थित गोल्डन टेंपल की हेरिटेज स्ट्रीट (विरासती मार्ग) पर निहंगों ने जबरन रुपए मांग रहे महंतों की पिटाई कर दी है। निहंगों ने डंडों से उन्हें पीटकर भगाया। निहंगों के विरोध को देखकर महंत भी वहां से दौड़ते हुए नजर आए। निहंगों के एक्शन के बाद कुछ देर के लिए माहौल तनावपूर्ण बन गया लेकिन यहां आए श्रद्धालुओं और दुकानदारों के सपोर्ट की वजह से महंत निहंगों का विरोध नहीं कर पाए। निहंगों के महंतों को हेरिटेज स्ट्रीट से दौड़ाने के वीडियो सामने आए हैं। निहंगों का कहना है कि उन्हें श्रद्धालुओं की और से सोशल मीडिया पर लगातार शिकायत मिल रही थी कि उन्हें परेशान किया जा रहा है। जिसके बाद वे मंगलवार रात वहां पहुंचे। वहां देखा कि महंत जबरन लोगों की जेब से रुपए निकालने तक के लिए जा रहे हैं। जिसके बाद निहंग एक्शन में आ गए। कुछ निहंग हेरिटेज स्ट्रीट पर जा रहे हैं। इस दौरान वह वहां घूम रहे महंतों पर नजर रख रहे हैं। इस दौरान एक महंत लोगों से रुपए मांगते हुए दिखता है। इस पर निहंग मंहत को घेर लेता हैं। इसके बाद निहंग डंडों से उसकी पिटाई करते हैं। वह महंत को कहते हैं कि कितनी बार तुम्हें कहा है, जाकर अपना काम करो। इसके बाद निहंग पीट-पीटकर मंहत को दौड़ा देते हैं। निहंग कहते हैं कि इन्होंने गंद डाल रखा है। इसके बाद महंत दौड़ते हुए नजर आता है। महंतों को दौड़ाने के बाद श्रद्धालु हाथ जोड़कर निहंगों का धन्यवाद करते हुए भी नजर आते हैं।

## 1.5 करोड़ रुपये की घूसखोरी के मामले में डिप्टी कमिश्नर प्रभा से सीबीआई की पूछताछ

लखनऊ (एजेंसी)। सीबीआई ने 1.5 करोड़ रुपये की घूसखोरी के मामले में झांसी के सीजीएसटी कार्यालय में तैनात रही डिप्टी कमिश्नर प्रभा भंडारी सहित अन्य आरोपितों से पूछताछ की। करीब आठ घंटे की पूछताछ में डिप्टी कमिश्नर खुद को निर्दोष बताया। वहीं, दो अन्य आरोपितों से भी सीबीआई अधिकारियों ने पूछताछ की, लेकिन उन्होंने मुंह नहीं खोला। डिप्टी कमिश्नर को सीबीआई की विशेष अदालत ने एक दिन के कस्टडी रिमांड पर सीबीआई को सौंपा था, जबकि दो अन्य आरोपितों का तीन दिन का रिमांड है। दरअसल जांच एजेंसी सीबीआई ने घूसखोरी के आरोप में बीती 31 दिसंबर को झांसी में छापेमारी कर डिप्टी कमिश्नर सहित जीसीएसटी के दो कर्मचारियों और एक वकील सहित दो अन्य लोगों को गिरफ्तार किया था। इनके ठिकानों से 70 लाख रुपये के अलावा संपत्तियों के दस्तावेज और ज्वैलरी बरामद हुई थी। इसके बाद सीबीआई की टीम तीनों आरोपितों को पूछताछ के लिए जेल से अपने कार्यालय आई थी। डिप्टी कमिश्नर ने सीबीआई अधिकारियों से कहा कि उन्हें घूस लेकर गिरफ्तार नहीं किया गया है, इसलिए इस मामले में उनकी कोई संलिप्तता नहीं है। हालांकि, सीबीआई ने जब उन्हें फोन काल का रिकार्ड दिखाया और व्हाट्सएप पर अन्य आरोपितों के साथ की गई चैट दिखाई तब वह कुछ नहीं बोल सकी। पूछताछ के बाद उन्हें शाम को जेल भेज दिया गया है, जबकि अनिल तिवारी व अजय शर्मा से कुछ देर ही पूछताछ की गई। दोनों आरोपितों से गुरुवार को भी पूछताछ की जाएगी।

## जब पति-पत्नी अलग होने को तैयार, तो कोर्ट उसमें तकनीकी अड़चनें नहीं डाले

### -राजस्थान हाईकोर्ट ने तलाक को लेकर सुनाया फैसला, फैमिली कोर्ट का आदेश किया रद्द

जोधपुर (एजेंसी)। राजस्थान हाईकोर्ट की जोधपुर मुख्यपीठ ने मुस्लिम पर्सनल लॉ के तहत आपसी सहमति से होने वाले तलाक को लेकर फैसला सुनाया है। हाईकोर्ट ने फैमिली कोर्ट के रवैये पर तल्खी जाहिर करते हुए कहा कि जब पति-पत्नी दोनों अलग होने के लिए तैयार हैं, तो कोर्ट को उसमें तकनीकी अड़चनें नहीं डालनी चाहिए। जस्टिस अरुण मोंगा और जस्टिस योगेंद्र कुमार पुरोहित की डिवीजन बेंच ने मेड़ता फैमिली कोर्ट के आदेश को रद्द कर दिया। इस आदेश में एक मुस्लिम दंपती के तलाक को मंजूरी देने से इनकार कर दिया गया था। कोर्ट ने अपने फैसले की शुरुआत ही पुरानी कहावत को उल्टे रूप से करते हुए लिखा- यह मामला ऐसा है जहां मियां-बीवी राजी, नहीं मान रहा काजी वाली स्थिति बन गई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मामला पाली निवासी आयशा चौहान और वसीम खान से जुड़ा है। दोनों का निकाह 27 फरवरी 2022 को मुस्लिम रीति-रिवाज से हुआ था। शादी के बाद विचारों में मतभेद के चलते वे साथ रहने को तैयार नहीं थे। इसके बाद पति ने शरीयत के मुताबिक तीन अलग-अलग तुहर में 8 जून, 8 जुलाई और 8 अगस्त 2024 को तीन बार तलाक बोला। इसके बाद दोनों ने 20 अगस्त 2024 को 500 रुपए के स्टाम्प पेपर पर आपसी सहमति से तलाकनामा लिखा। इसी समझौते के आधार पर उन्होंने फैमिली कोर्ट, मेड़ता में तलाक घोषित करने की अर्जी लगाई, लेकिन 3 अप्रैल 2025 को फैमिली कोर्ट ने अर्जी खारिज कर दी। हाईकोर्ट ने सुनवाई के दौरान पाया कि फैमिली कोर्ट ने अर्जी खारिज करने के लिए गलत आधार चुना।

# पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी के बाद अब बारिश-ओलावृष्टि का दौर शुरू होने की चेतावनी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश के पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी के बाद अब बारिश-ओलावृष्टि का दौर शुरू होने की चेतावनी दी गई है। गुरुवार से राजस्थान, हिमाचल और पंजाब-हरियाणा में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस सक्रिय हो रहा है।

यूपी के 15, राजस्थान और हरियाणा के 6-6 जिलों में बारिश होने की संभावना है। इस दौरान 60 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। कुछ जगहों पर ओले गिरने की चेतावनी भी गई है। हिमाचल प्रदेश के चंबा, कुल्लू और लाहौल-स्पीति में गुरुवार बर्फबारी का ऑरेंज अलर्ट है। उत्तराखंड के 5 जिलों में आज और शुक्रवार को बर्फबारी का अलर्ट है। फिलहाल यहां पारा माइनस में चल रहा है। चमौली के वाण गांव में झरना जमा हुआ दिखाई दिया।




मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में अगले 7 दिनों में लगातार दो पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो सकते हैं। इससे 9 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, राजस्थान और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मौसम और बिगड़ सकता है। पश्चिमी विक्षोभ या वेस्टर्न डिस्टर्बेंस, पश्चिम से आने वाली हवा और बादलों का एक सिस्टम होता है। इसके सक्रिय होने से पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी, मैदानी क्षेत्रों में बारिश होगी। तापमान में गिरावट आएगी, साथ ही पाला पड़ने और कोल्डवेव के हालात बन सकते हैं।

जहां 23 जनवरी को उत्तर भारत में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से मौसम में बदलाव रहेगा। अधिकांश इलाकों में बादल छाए रहने वाले है। राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, चंडीगढ़ और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना बनी रहेगी। कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ तेज हवाएं (30-50 किमी/घंटा) चल सकती हैं। बारिश और बादलों के चलते दिन के तापमान में हल्की गिरावट दर्ज की जा सकती है, जबकि सुबह-शाम ठंड बनी रहेगी।

24 जनवरी को पश्चिमी विक्षोभ का असर धीरे-धीरे कमजोर पड़ेगा, लेकिन उत्तर भारत में मौसम अभी पूरी तरह साफ नहीं होगा। राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, चंडीगढ़ और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बादल छाए रहेंगे और कहीं-कहीं बारिश हो सकती है। कुछ इलाकों में हल्की गरज-चमक और तेज हवाएं चलने का अनुमान है। बारिश की गतिविधियों में कमी आने के बाद सर्द हवाओं के कारण सर्दी का असर बढ़ सकता है।

## सिख विरोधी दंगा : सज्जन को कोर्ट ने दी राहत, भीड़ को भड़काने के आरोप से किया बरी



नई दिल्ली (एजेंसी)। 1984 सिख विरोधी दंगों के एक मामले में कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार को कोर्ट ने राहत दी है। दिल्ली की एक कोर्ट ने सज्जन कुमार को उस मामले में बरी कर दिया है जिसमें उन पर जनकपुरी और विकासपुरी में भीड़ को भड़काने का आरोप था। स्पेशल जज दिग्विनय सिंह ने कुमार को बरी करने का संक्षित रूप से मौखिक फैसला सुनाया। फैसले की कॉपी का इंतजार है। पिछले साल दिसंबर में मामले की सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने 22 जनवरी के लिए अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक फरवरी 2015 में एसआईटी ने दंगों के दौरान दिल्ली के जनकपुरी और विकासपुरी में हुई हिंसा से जुड़ी शिकायतों के आधार पर सज्न कुमार के खिलाफ दो एफआईआर दर्ज की थीं। एक एफआईआर जनकपुरी में हुई हिंसा से संबंधित थी, जहां एक नवंबर 1984 को सोहन सिंह और उनके दामाद अवतार सिंह की हत्या कर दी गई थी। दूसरी प्राथमिकी गुरबचन सिंह के मामले में दर्ज की गई थी, जिनको दो नवंबर 1984 को विकासपुरी में कथित तौर पर जिंदा जला दिया गया था।

## तेलंगाना में 15 बंदरों की संदिग्ध मौत, 80 गंभीर, पशु प्रेमी और लोगों में हड़कंप

### -बंदरों को किसी अज्ञात व्यक्ति के जहरीला पदार्थ खिलाने की लोग जता रहे शंका

**कमारैड्डी (एजेंसी)।** तेलंगाना में कामारेड्डी जिले के बिक्कनूर मण्डल के अंतम्पल्ली गांव के पास नेशनल हाइवे पर स्थित एक ढाबे में कम से कम 15 बंदरों की संदिग्ध मौत हो गई, जबकि कई अन्य बंदर गंभीर रूप से बीमार हो गए। घटना की जानकारी लोगों ने तुरंत गांव के सरपंच और पशु चिकित्सक को दी, जिन्होंने मौके पर पहुंचकर घायल बंदरों का इलाज किया और कई बंदरों की जान बचाई।

मीडिया रिपोर्ट में लोगों ने बताया कि करीब 80 बंदर बहुत नाजुक स्थिति में पाए गए, जिन्हें चलने-फिरने में भी कठिनाई हो रही थी। मृत बंदरों के शव ढाबे के आसपास पड़े थे। लोग शक व्यक्त कर रहे हैं कि बंदरों को किसी अज्ञात व्यक्ति ने जहरीला पदार्थ खिला दिया है। इस घटना ने पशु प्रेमियों के बीच गहरा आक्रोश पैदा कर दिया है। कामारेड्डी जिले के ही मचारेड्डी और बिक्कनूर मण्डलों में हाल ही में बंदरों और आवारा कुत्तों के जहर दिए जाने के आरोपों के मद्देनजर यह घटना और भी चिंता का विषय बन गई है।

इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए गांव के सरपंच ने बताया कि कुछ अज्ञात लोगों ने बंदरों के एक समूह को वैन में लाकर नेशनल हाइवे के ढाबे पर छोड़ दिया। उन्होंने यह भी कहा कि जिम्मेदार लोगों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई जाएगी। स्थानीय पशु चिकित्सक ने बताया कि बचाए गए बंदरों का इलाज चल रहा है और उनकी स्थिति अब स्थिर है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी तुरंत प्रशासन या पुलिस को दें।

रिपोर्ट के मुताबिक पशु कल्याण संगठनों ने भी घटना की कड़ी निंदा की है और प्रशासन से इस तरह की घटनाओं की रोकथाम के लिए कड़े कदम उठाने की मांग की है। वन विभाग और पुलिस प्रशासन ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

# मित्र देश के साथ रणनीतिक साझेदारी करने का यह सबसे उपयुक्त समय: वायु सेना प्रमुख

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय वायु सेना के प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने देश की हवाई सुरक्षा को लेकर एक महत्वपूर्ण और रणनीतिक दृष्टिकोण साझा किया है। उन्होंने जोर देकर कहा है कि भारत के लिए अगली पीढ़ी की हवाई युद्ध प्रणालियों और हथियारों के विकास के लिए एक विश्वसनीय मित्र देश के साथ रणनीतिक साझेदारी करने का यह सबसे उपयुक्त समय है। नई दिल्ली में आयोजित नेशनल सिक्योरिटी इम्पेरेटिव्स विषय पर एक सेमिनार को संबोधित करते हुए वायु सेना प्रमुख ने कहा कि भविष्य की चुनौतियों को देखते हुए उन्नत सैन्य विमान इंजन और अत्याधुनिक तकनीक के लिए वैश्विक सहयोग अब अनिवार्य हो गया है।



वायु सेना प्रमुख ने विशेष रूप से फ्रांस के साथ हालिया रक्षा सहयोग का उदाहरण देते हुए कहा कि लड़ाकू विमानों के इंजन विकास को लेकर जो निर्णय लिए गए हैं, वे इस दिशा में एक मजबूत आधार साबित हो सकते हैं। उन्होंने वर्तमान वैश्विक उथल-पुथल की ओर इशारा करते हुए चेतावनी दी कि किसी भी देश के लिए एक मजबूत सैन्य शक्ति, विशेषकर वायु शक्ति को बढ़ाना अब विकल्प नहीं बल्कि जरूरत बन गया है। उनके अनुसार, भारत के पास रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के लिए आवश्यक इच्छाशक्ति और मानव संसाधन की कोई कमी नहीं है, लेकिन तकनीकी स्तर पर कुछ ऐसी बाधाएं हैं जिन्हें पार करने के लिए बाहरी सहयोग की आवश्यकता है। एयर चीफ मार्शल ने इस बात पर जोर दिया कि यद्यपि भारत अपने दम पर तकनीक विकसित करने में सक्षम है, लेकिन वर्तमान क्षेत्रीय सुरक्षा परिस्थितियों और पड़ोसी देशों की गतिविधियों को देखते हुए हमारे पास अधिक समय नहीं है। उन्होंने कहा कि अनुसंधान और विकास के प्रयासों के साथ-साथ मेक इन इंडिया के तहत त्वरित निर्णय लेने होंगे ताकि निकट भविष्य में आवश्यक हथियार और प्लेटफॉर्म उपलब्ध हो सकें। वायु सेना प्रमुख का यह बयान ऐसे समय में आया है जब भारतीय वायु सेना के बेड़े में लड़ाकू विमानों की संख्या घटकर 29 स्क्वाड्रन रह गई है, जो पिछले छह दशकों में सबसे कम स्तर पर है। देश की सुरक्षा के लिए कम से कम 42 स्क्वाड्रन की आवश्यकता बताई जाती है।

वायु सेना की युद्धक क्षमता को बढ़ाने की दिशा में हाल ही में एक बड़ी राहत की खबर भी सामने आई है। रक्षा खरीद बोर्ड ने फ्रांस की कंपनी दसॉ एविएशन से 114 राफेल लड़ाकू विमानों की खरीद के प्रस्ताव को अपनी शुरुआती सहमति दे दी है। यह पूरी प्रक्रिया मेक इन इंडिया ढांचे के तहत पूरी की जाएगी, जिसमें फ्रांसीसी कंपनी एक भारतीय साझेदार के साथ मिलकर जेट विमानों का निर्माण करेगी। इस प्रस्ताव को अब रक्षा खरीद परिषद और सुरक्षा पर मंत्रिमंडलीय समिति से अंतिम मंजूरी मिलना बाकी है। वायु सेना प्रमुख ने स्पष्ट किया कि यद्यपि सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड को 180 तेजस मार्क-1ए विमानों का ऑर्डर दिया गया है, लेकिन आपूर्ति में होने वाली देरी के कारण वायु सेना को अन्य विकल्पों पर गंभीरता से विचार करना पड़ रहा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि तकनीकी कमियों को समय के साथ दूर कर लिया जाएगा, लेकिन सशस्त्र बलों को हर परिस्थिति के लिए तैयार रहने की जरूरत है। अगली पीढ़ी की तकनीक के साथ तालमेल बिठाना ही भारत को हवाई युद्ध के क्षेत्र में एक वैश्विक शक्ति बनाएगा।

# आप दिल्ली ब्लास्ट में शामिल हैं, सुनते ही घबरा गए रिटायर्ड अधिकारी

### -साइबर ठगों ने धमकाकर 16.50 लाख रुपए अलग-अलग बैंकों में करा लिए ट्रांसफर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** साइबर ठगी के मामले आए दिन सामने आ रहे हैं जिसमें लोगों से लााखें की ठगी की जा रही है। अब एक ऐसा ही मामला बृहन्मुंबई नगर निगम से रिटायर्ड अधिकारी से लाखों रुपए की ठगी का है। दरअसल, साइबर ठगों ने इस बार दिल्ली ब्लास्ट के नाम पर 16.50 लाख रुपए उड़ा लिए।



मीडिया रिपोर्ट के मताबिक साइबर अपराधी ने खुद को एटीएस और एनआईए का अधिकारी बताया। इसके बाद मुंबई में रहने वाले 75 साल के बीएमसी से रिटायर शख्स को कॉल किया। विक्टिम को बताया कि दिल्ली ब्लास्ट आरोपियों में उनका नाम भी शामिल है, जो हाल ही में हुआ है। मुंबई के अंधेरी में रहने वाले शख्स ने पुलिस स्टेशन जाकर इस मामले की जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि विक्टिम को 11 दिसंबर को अनजान नंबर से कॉल रिसीव हुई थी। कॉल करने वाले ने बताया है कि वह दिल्ली एटीएस से है। इसके बाद कॉलर ने विक्टिम को धमकाना शुरू किया।

इसके बाद विक्टिम को बताया है कि उनको जांच में सहयोग करना होगा, जो सीक्रटली तरीके से होगी। इसके बाद साइबर ठगी का केस आगे बढ़ा। विक्टिम को बताया कि उनको एक मोबाइल ऐप्लीकेशन इंस्टॉल करने को कहा। जहां विक्टिम को एक वीडियो कॉल रिसीव हुई। वीडियो कॉल में एक शख्स सामने था, जिसने खुद को एनआईए ऑफिसर बताया। कॉलर ने विक्टिम को बताया कि एक बैंक अकाउंट का लिंक उनके मोबाइल नंबर है। उस बैंक अकाउंट में मनी लाउंड्रिंग के जरिए 7 करोड़ रिसीव हुए हैं। इसमें आरोपी को गिरफ्तार करने की धमकी दी गई, जिसके बाद विक्टिम घबरा गए।

साइबर ठग ने विक्टिम से कहा कि यह नेशनल सिक्योरिटी का मामला है। इसमें विक्टिम से कहा कि वह किसी को भी इसके बारे में ना बताए। साइबर स्कैमर्स ने विक्टिम को बताया है कि एजेंसी जानना चाहती है कि आपके बैंक खाते में कितनी रकम है और अन्य इनवेस्टमेंट लीगल हैं या नहीं। इसके बाद विक्टिम को सभी रकम कुछ बैंक अकाउंट में ट्रांसफर करने को कहा। ये रकम वेरिफिकेशन्स के नाम पर अन्य बैंक अकाउंट में ट्रांसफर करने को कहा। साथ ही कहा कि निर्दोष पाए जाने पर सभी रकम वापस कर दी जाएगी।

इसके बाद विक्टिम ने अलग-अलग बैंक अकाउंट में 16.50 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए फिर कॉलर ने विक्टिम का नंबर ब्लॉक कर दिया। विक्टिम को समझ आया कि वह साइबर ठगी का शिकार हो चुका है और उन्होंने पुलिस को जानकारी दी और शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है और आरोपियों का पता लगा रही है।

## आतंकी मोहम्मद आरिफ की उपचारात्मक याचिका को सुनेगा सुप्रीम कोर्ट... लाल किला हमले के दोषी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने साल 2000 में हुए ऐतिहासिक लाल किला हमले के दोषी और मौत की सजा पाए लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के आतंकी मोहम्मद आरिफ उर्फ ??अशफाक की उपचारात्मक याचिका को सुनने का फैसला किया है। गुरुवार को अदालत ने मामले में नोटिस जारी करते हुए आरिफ के पास उपलब्ध अंतिम कानूनी विकल्प पर विचार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

इस हमले में सेना के तीन जवान शहीद हो गए थे। न्यायालय ने मामले में सजा के खिलाफ आरिफ की पुनर्विचार याचिका तीन नवंबर 2022 को खारिज की थी। ??अशफाक को अक्टूबर 2005 में निचली अदालत ने मौत की सजा सुनाई थी और दिल्ली उच्च न्यायालय ने सितंबर 2007 में निचली अदालत के फैसले को कायम रखा था।



इसके बाद आरिफ ने हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देकर सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। शीर्ष अदालत ने अगस्त 2011 में आरिफ को दी गई मौत की सजा को बरकरार रखा था। गुरुवार को प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी की विशेष पीठ ने वकीलों द्वारा प्रस्तुत दलीलों पर गौर किया, जिसमें शीर्ष अदालत के उन फैसलों का हवाला दिया गया था, जिसमें अपील और पुनर्विचार याचिका को खारिज करते हुए मृत्युदंड को बरकरार रखा गया था। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, '' नोटिस जारी करें।'' उपचारात्मक याचिका वादी के पास फैसले को चुनौती देने के लिए मौजूद अंतिम कानूनी उपाय है, जिसे सर्वोच्च न्यायालय ने स्वयं दो बार अपील और समीक्षा याचिका को खारिज करके बरकरार रखा है। अभियोजन पक्ष के अनुसार, 22 दिसंबर 2000 की रात को कुछ घुसपैठिए लाल किले के अंदर उस क्षेत्र में घुस गए जहां भारतीय सेना की 7 राजपूताना राइफल्स की यूनिट तैनात थी और उन्होंने गोलीबारी शुरू कर दी। इस घटना में सेना के तीन जवान शहीद हो गए थे।

# यूरोप ने कहा- बगैर भारत के हमारा काम नहीं चलेगा, गणतंत्र दिवस पर होगी सुरक्षा पर बड़ी डील

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विश्व की बदलती राजनीतिक बिसात पर भारत इस समय एक ऐसी सुदृढ़ स्थिति में खड़ा है, जहां दुनिया की महाशक्तियां उसके साथ साझेदारी के लिए लालायित हैं। एक ओर जहां अमेरिका द्विपक्षीय व्यापारिक समझौतों के लिए उत्सुक दिख रहा है, वहीं दूसरी ओर यूरोप ने खुले तौर पर यह स्वीकार कर लिया है कि भारत के बिना उसकी वैश्विक रणनीति अधूरी है। इस वर्ष का गणतंत्र दिवस समारोह इसी बदलते वैश्विक समीकरण का गवाह बनने जा रहा है, क्योंकि यूरोपीय संघ (ईयू) के शीर्ष नेता इस बार मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर रहे हैं। यह दौरा केवल औपचारिक शिष्टाचार तक सीमित नहीं है, बल्कि अपने साथ कई ऐसे बड़े रक्षा और आर्थिक समझौते लेकर आ रहा है जो आने वाले दशकों में भारत और यूरोप के संबंधों की नई दिशा तय करेंगे।

यूरोपीय मेहमानों का भारत आगमन इस बात का स्पष्ट संकेत है कि पश्चिमी देशों के लिए भारत अब केवल एक उभरती हुई अर्थव्यवस्था नहीं, बल्कि एक अनिवार्य रणनीतिक मजबूरी बन चुका है। भारत के बिना हम अधूरे हैं जैसे शब्द आज के दौर में यूरोप की उसी सोच को दर्शाते हैं, जो वैश्विक युद्ध, अस्थिरता और आर्थिक दबावों के बीच एक भरोसेमंद साझेदार की तलाश में है। दिल्ली में होने वाला यह यूरोपीय संघ-भारत शिखर सम्मेलन वैश्विक शक्ति के संतुलन में आए बदलाव का सबसे बड़ा प्रतीक है। इस सम्मेलन का प्रभाव केवल दिल्ली तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसकी गूंज बीजिंग से लेकर इस्लामाबाद तक महसूस की जाएगी।

इस ऐतिहासिक समझौते के तहत डिफेंस, काउंटर टेररिज्म और साइबर सिक्योरिटी जैसे संवेदनशील मुद्दों पर भारत और यूरोपीय संघ एक मंच पर आने जा रहे हैं। इसे इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में चीन की आक्रामक समुद्री नीति पर लगाम लगाने की एक साझा रणनीति के रूप में देखा जा रहा है। समुद्री सुरक्षा और मैरिटाइम डोमेन अवेयरनेस पर सहयोग बढ़ने से हिंद महासागर में खुले व्यापारिक मार्गों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी, जो सीधे तौर पर नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को मजबूती प्रदान करेगी। यूरोपीय संघ की विदेश नीति प्रमुख काजा कैलास ने भी स्पष्ट कर दिया है कि यूरोप की आर्थिक मजबूती और रणनीतिक स्थिरता के लिए भारत की भूमिका अनिवार्य है। पाकिस्तान के लिए यह साझेदारी एक बड़े कूटनीतिक झटके के समान है। आतंकवाद के मुद्दे पर भारत और यूरोपीय संघ का एक सुर में बोलना पाकिस्तान के अंतरराष्ट्रीय नैरेटिव को कमजोर करेगा और आतंकी नेटवर्कों पर वैश्विक दबाव को बढ़ाएगा। वहीं, चीन के लिए भारत और यूरोप की यह नजदीकी इसलिए चिंताजनक है क्योंकि यह न केवल सुरक्षा के मोर्चे पर, बल्कि टेक्नोलॉजी, सेमीकंडक्टर और साइबर स्पेस में भी चीन के एकाधिकार को चुनौती देने वाली है। सिर्फ सुरक्षा ही नहीं, बल्कि आर्थिक मोर्चे पर भी एक बड़ा गेम-चेंजिंग प्लान तैयार है। लंबे समय से प्रतीक्षित फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) पर बातचीत ने अब रफ्तार पकड़ ली है। क्लीन टेक्नोलॉजी, फार्मा और



सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन में सहयोग से भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में बड़ी पहचान मिलेगी। इसके साथ ही, प्रस्तावित मोबिलिटी फ्रेमवर्क से भारतीय छात्रों और पेशेवरों के लिए यूरोप में शिक्षा और रोजगार के नए द्वार खुलेंगे। कुल मिलाकर, गणतंत्र दिवस के अवसर पर होने वाला यह पावर शिफ्ट दुनिया को यह संदेश दे रहा है कि भारत अब वैश्विक सुरक्षा ढांचे का एक मुख्य स्तंभ बन चुका है।

# एसआईआर प्रक्रिया के तहत भाजपा नेताओं पर कांग्रेस समर्थित मतदाताओं के नाम हटाने का दबाव बनाने का आरोप, निष्पक्ष जांच की मांग

स्मार्ट हलचल



**जहाजपुर।** एसआईआर प्रक्रिया के तहत कांग्रेस समर्थित मतदाताओं के नाम हटाने, विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 1 से 296 तक करीब 7,000 मतदाताओं के नाम काटने और जोड़ने के लिए पहले से प्रिंटेड फार्म बल्क में जमा कराने, आवेदक अधूरे, गलत हस्ताक्षरों वाले और फर्जी आपत्तियों के आधार पर प्रस्तुत किए गए हैं, जिनकी गंभीरता से जांच मांग को लेकर ब्लॉक कांग्रेस ने उपखंड कार्यालय पर धरना प्रर्दशन करते हुए पूर्व प्रधान सीता देवी गुर्जर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने निर्वाचन अधिकारी को विज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया गया कि विधानसभा क्षेत्र 182 में मतदाता सूची शुद्धिकरण (एसआईआर) प्रक्रिया के दौरान नियमों के खुले उल्लंघन के गंभीर आरोप सामने आए हैं। आरोप है कि एक राजनीतिक दल द्वारा बड़ी संख्या में कांग्रेस समर्थित मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने एवं जोड़ने के लिए बल्क (बंडल) में आवेदन प्रस्तुत किए जा रहे हैं, जो निर्वाचन नियमों के स्पष्ट खिलाफ हैं।

शिकायत के अनुसार, निर्वाचन आयोग के इलेक्टोरल मैनुअल 2023 के पैरा 11.3.2 (2) में स्पष्ट प्रावधान है कि बल्क आवेदन स्वीकार नहीं किए जा सकते। नियमानुसार व्यक्तिगत मतदाता केवल एक फार्म दे सकता है, जबकि राजनीतिक दल का अधिकृत बीएलए-2 ड्राफ्ट रोल तैयार होने की प्रक्रिया के दौरान एक दिन में अधिकतम 50 फार्म ही प्रस्तुत कर सकता है। वहीं, ड्राफ्ट रोल के प्रकाशन के बाद आपत्तियों के लिए एक दिन में अधिकतम 10 आवेदन ही दिए जा सकते हैं।

इसके बावजूद आरोप है कि जहाजपुर विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 1 से 296 तक करीब 7,000 मतदाताओं के नाम काटने और जोड़ने के लिए पहले से प्रिंटेड फार्म बल्क में जमा कराए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि ये आवेदन अधूरे, गलत हस्ताक्षरों वाले और फर्जी आपत्तियों के आधार पर प्रस्तुत किए गए हैं, जिनकी गंभीरता से जांच आवश्यक है।

शिकायत में यह भी कहा गया है कि जिन बूथों पर वर्षों से कांग्रेस विचारधारा के मतदाता निवास करते हैं और जहां उनकी भूमि व स्थायी निवास दर्ज है, वहां हजारों की संख्या में नाम हटाने के लिए फर्जी आपत्तियां लगाई जा रही हैं। आरोप है कि इसके लिए विधानसभा क्षेत्र में कार्यरत कई सरकारी बीएलओ पर अनैतिक और नियम विरुद्ध दबाव बनाया जा रहा है। प्रशासन से मांग की गई है कि लोकतंत्र और संविधान में प्रदत्त मताधिकार की रक्षा करते हुए किसी भी मतदाता का नाम नियम विरुद्ध मतदाता सूची से न हटाया जाए। साथ ही, फर्जीवाड़ा कर बल्क में गलत आवेदन देने वाले व्यक्तियों पर सख्त कार्रवाई के आदेश जारी किए जाएं, ताकि भविष्य में प्रशासनिक प्रक्रिया का मजाक न बने और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा हो सके। यदि इस पूरे मामले में निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हुई तो जन आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# मारुति वैन से 27 लाख का गांजा जब्त, चालक गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

भीलवाड़ा पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ तस्करी के विरूद्ध बड़ी कार्यवाही करते हुए 27 लाख 8 हजार 500 रूपये का अवैध गांजा जब्त किया ।जिसका कुल 54 किलो 170 ग्राम निकला साथ ही पुलिस ने एक मारूती वेन कार को किया जब्त करते हुए चालक को गिरफ्तार किया । यह कार्यवाही कारोई पुलिस ओर डीएसटी द्वारा संयुक्त रूप से की गई और आरोपी असलम मोहम्मद पिनारा को गिरफ्तार किया गया । एसपी धर्मेन्द्र सिंह के आदेशानुसार राज्य मे पुलिस मुख्यालय द्वारा निरन्तर अवैध मादक पदार्थ, अवैध शराब, व अवैध हथियार की धरपकड हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत एएसपी बुद्धराज खटीक सहाडा के निर्देशन में व सुदर्शन पालीवाल वृत्ताधिकारी गंगापुर के निकटतम सुपरविजन मे आयुष श्रोत्रिय प्रोबेशनर आईपीएस जिला भीलवाडा के नेतृत्व में थानाप्रभारी महावीर प्रसाद कारोई व कन्हैयालाल प्रभारी डीएसटी की एक विशेष टीम गठित की गई। दिनांक 22.01.2026 को जिला विशेष टीम से कांस्टेबल राकेश कुमार, कन्हैया लाल को मुखबिर से सूचना मिली की मारूति वेन में मादक पदार्थ होने की संभावना है जिस पर प्रोबेषनर आईपीएस आयुष श्रौत्रिय व महावीर प्रसाद थानाधिकारी थाना कारोई व कन्हैयालाल प्रभारी जिला विशेष टीम मय जाब्ता के एनएच 758 मुजरास टोल प्लाजा पर पहुंचे और उक्त मारूति वेन को रूकवाया गया।

उक्त मारूति वेन की तलाशी में वाहन चालक असलम मोहम्मद के कब्जेषुदा मारूति वेन मे कुल 10 कट्टों में कुल वजन 54.170 किलोग्राम अवैध गांजा भरा हुआ को जब्त किया गया जिसकी कीमत 27 लाख 8 हजार 500 रूपये एवं जब्त सुदा मारूति वेन कार की किमत 3 लाख रूपये को जब्त किया गया और एनडीपीएस एक्ट मे दर्ज किया गया। गठित पुलिस टीम में आयुष श्रोत्रिय प्रोबेशनर आईपीएस, थानाप्रभारी महावीर प्रसाद कारोई, एचसी यशवीर सिह पुर थाना, एचसी दिनेश कुमार थाना कारोई, कांस्टेबल हेमेन्द्रसिह, विक्रम, अशोक कुमार, राकेश भण्डारी जिला विशेष टीम भीलवाडा (विशेष योगदान), कन्हैयालाल (विशेष योगदान), बनवारी, घेवर राम, असलम घीसुलाल, कुषवेन्द्र (विशेष योगदान) कमल, राकेश, महेश शामिल रहे।

# परिवहन महकमा के खिलाफ बस ऑपरेटर सड़कों पर, 24 को प्रदेश बंद

स्मार्ट हलचल




**भीलवाड़ा।** परिवहन विभाग की कथित दमनकारी और भेदभावपूर्ण नीतियों के विरोध में राजस्थान के निजी बस ऑपरेटरों ने 24 जनवरी 2026 को प्रदेशव्यापी चक्का जाम का ऐलान किया है। बस ऑपरेटर एसोसिएशन राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण साहू के आह्वान पर होने वाली इस एकदिवसीय हड़ताल के दौरान प्रदेशभर में निजी बसों के पहिए थमे रहेंगे।

प्रदेश प्रवक्ता जगदीशचन्द्र ओझा (गुड्डू) ने बताया कि मोटर व्हीकल एक्ट के प्रावधानों के विपरीत बसों के चालान काटे जा रहे हैं तथा अधिकारियों पर अवैध टारगेट का दबाव बनाया जा रहा है। जंगला-सीढ़ी विवाद और यात्रियों को बीच रास्ते उतारने जैसे मामलों को लेकर ऑपरेटरों में भारी रोष है। हड़ताल के चलते स्टेज कैरिज, सिटी, ग्रामीण, स्कूल व फैक्ट्री बस सेवाएं पूरी तरह बंद रहेंगी। ऑपरेटरों ने जनता से सहयोग की अपील की है।

# इकलौता बेटा राहुल की साइकिल यात्राः 92 दिन, 25-30 किलो वजन, गौ माता को राष्ट्रमाता बनाने का संकल्प

**15 साल की उम्र में देशभर में संदेश फैलाता खामोर का राहुल, 8 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन कर कन्याकुमारी पहुंचा**

**साइकिल पर तिरंगा और भगवा ध्वज लेकर गौ माता के सम्मान का अभियान चला रहा नन्हा वीर**

स्मार्ट हलचल



**शाहपुरा।** खामोर गांव का 15 वर्षीय राहुल प्रजापत अपने साहस, आस्था और संकल्प के चलते देशभर में चर्चा का विषय बन गया है। राहुल, जो अपने माता-पिता महादेव प्रजापत और सूरमा देवी का इकलौता बेटा है, गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने के लिए चार धाम-बारह ज्योतिर्लिंग की साइकिल यात्रा पर निकला। यह यात्रा अब लगभग 92 दिनों की कठिन यात्रा के बाद कन्याकुमारी पहुंच चुकी है।

राहुल ने अपनी यात्रा को केवल धार्मिक उद्देश्य तक सीमित नहीं रखा। उसने इसे एक राष्ट्रीय संदेश में बदल दिया। उसकी साइकिल पर तिरंगा और भगवा ध्वज सजी हुई हैं, जो उसके संकल्प और देशभक्ति की पहचान बन गए हैं। 15 वर्ष की उम्र में इतना बड़ा अभियान शुरू करना और उसे लगातार आगे बढ़ाना उसकी दृढ़ इच्छाशक्ति और आत्मविश्वास को दर्शाता है। राहुल ने अपनी साइकिल पर लगभग 25 से 30 किलो वजन रखकर यात्रा की है। इस वजन में भोजन, पानी, कपड़े और यात्रा के लिए आवश्यक सामग्री शामिल है। रास्ते में उसे कई बार कठिन परि-स्थितियों का सामना करना पड़ा, लेकिन उसने कभी हार नहीं मानी। वह दिन-रात देशभर में घूमते हुए लोगों को गौ माता के संरक्षण और सम्मान का संदेश दे रहा है।

गौ माता पर बढ़ते अत्याचार और समाज में गौ संरक्षण की कमी को देखकर राहुल ने अपने भीतर यह विचार उत्पन्न किया कि क्यों न गौ माता के लिए एक कठिन संकल्प लिया जाए। इसी भावना के साथ उसने देश के प्रमुख तीर्थस्थलों की यात्रा शुरू की और हर जगह लोगों से अपील की कि वे गौ माता को अपने घरों में पाले, उनका सम्मान करें और गौ रक्षा के लिए आगे आएं।

यात्रा के दौरान राहुल ने ओंकारेश्वर, नागेश्वर, सोमनाथ, घृष्णेश्वर, त्र्यंबकेश्वर, भीमाशंकर, रामेश्वरम और मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंगों के दर्शन किए। इसके साथ ही उसने धाम द्वारकाधीश का भी पवित्र दर्शन किया। हर स्थान पर उसने अपने संदेश को जोरदार तरीके से रखा और लोगों से गौ माता के सम्मान की अपील की।

अब राहुल की यह यात्रा कन्याकुमारी तक पहुंच चुकी है। यह यात्रा केवल एक धार्मिक यात्रा नहीं है, बल्कि यह एक जागरूकता अभियान भी है जो देश के युवाओं को धर्म, संस्कृति और राष्ट्रभक्ति के प्रति प्रेरित कर रहा है।

राहुल की यह यात्रा यह संदेश देती है कि यदि आस्था, संकल्प और हिम्मत हो तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। 15 वर्ष की उम्र में लिया गया यह विराट संकल्प देश के लिए गर्व की बात है और यह बताता है कि गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा मिलना चाहिए।

# राजस्थान संपर्क पोर्टल पर बड़ा डिजिटल सुधार, निस्तारित शिकायतों की एटीआर अब सीधे व्हाट्सएप पर

स्मार्ट हलचल




**जयपुर / भीलवाड़ा।** राजस्थान सरकार ने नागरिक सुविधा और पारदर्शिता को बढ़ाते हुए राजस्थान संपर्क शिकायत निवारण पोर्टल पर एक नई महत्वपूर्ण सुविधा शुरू की है। अब शिकायत निस्तारण के बाद संबंधित एटीआर (एक्शन टेकन रिपोर्ट) शिकायतकर्ता को व्हाट्सएप के माध्यम से भी उपलब्ध कराई जाएगी।

अतिरिक्त मुख्य सचिव, जन अभियोग निराकरण विभाग दिनेश कुमार ने बताया कि शिकायत निस्तारित होने पर एटीआर का व्हाट्सएप लिंक सीधे शिकायतकर्ता को भेजा जाएगा, जिससे विभाग द्वारा की गई कार्यवाही की जानकारी दस्तावेजी रूप में सरल और त्वरित तरीके से मिल सकेगी। इसके साथ ही शिकायतकर्ता अब व्हाट्सएप के माध्यम से ही फीडबैक भी दे सकेगा।

उन्होंने बताया कि एटीआर साझा करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस पहल से शिकायत निवारण प्रणाली में पारदर्शिता बढ़ेगी, समयबद्ध जानकारी मिलेगी और डिजिटल माध्यम से एटीआर तक आसान पहुंच सुनिश्चित होगी। सरकार संपर्क पोर्टल को अधिक प्रभावी और तकनीक-सक्षम बनाने की दिशा में लगातार नवाचार कर रही है।

# जलीन्द्री में उमड़ा भक्ति का सैलाबः 'श्री राम कृष्ण कल्कि शक्ति महायज्ञ' के शुभारंभ पर निकली भव्य कलश यात्रा



स्मार्ट हलचल | जलीन्द्री

क्षेत्र के धार्मिक इतिहास में आज एक स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया। श्री राम कृष्ण कल्कि शक्ति महायज्ञ के पावन सानिध्य में आज श्री श्री 1008 श्री संकटमोचन हनुमान जी मंदिर, जलीन्द्री में विशाल जल कलश यात्रा और श्री चारभुजा नाथ के बेवान का भव्य आगमन हुआ। इस धार्मिक आयोजन से संपूर्ण क्षेत्र भक्तिमय हो गया है।

## लक्ष्मीपुरा से जलीन्द्री तक गूंजे जयकारे

भव्य जल कलश यात्रा का शुभारंभ श्री शिव मंदिर, लक्ष्मीपुरा से हुआ। गाजे-बाजे और धर्मध्वजा के साथ शुरू हुई यह यात्रा विभिन्न मार्गों से होती हुई श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर, जलीन्द्री पहुँची। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर कलश यात्रा और भगवान के बेवान का स्वागत किया। केसरिया साफे और पारम्परिक वेशभूषा में श्रद्धालु नाचते-गाते चल रहे थे, जिससे वातावरण पूरी तरह धर्ममयी हो गया।

## पंचमुखी संगमः पांच गांवों के बेवानों का मिलन

इस महोत्सव का मुख्य आकर्षण श्री चारभुजा नाथ के बेवानों का संगम रहा। जलीन्द्री ग्राम के बेवान के साथ ही खिणिया, अमरपुरा, रामपुरिया और लक्ष्मीपुरा से भी भगवान के बेवान यहाँ पहुँचे। पांच गांवों के बेवानों के एक साथ आगमन ने उत्सव की भव्यता में चार चांद लगा दिए। श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।

## संतों का सानिध्य

उल्लेखनीय है कि इस महायज्ञ का आयोजन श्री श्री 1008 श्री बानोडा बालाजी के पावन सानिध्य में किया जा रहा है। आयोजन समिति ने बताया कि महायज्ञ को लेकर ग्रामीणों में भारी उत्साह है और आगामी दिनों में यहाँ विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे। कलश यात्रा के समापन पर मंदिर परिसर में विशेष आरती और प्रसाद वितरण किया गया।

**काशीपुरी धाम में बसंत पंचमी पर विशेष पूजा, बाबा श्याम की पीतांबरी बागा का हुआ श्रद्धापूर्वक वितरण**

# पीतांबरी बागा से घर में सुख-समृद्धि, सकारात्मक ऊर्जा एवं पारिवारिक शांति का वास होता : सुरेश पोद्दार

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा।** बसंत पंचमी के पावन एवं शुभ अवसर पर श्री श्याम मंदिर, काशीपुरी धाम, भीलवाड़ा में विशेष पूजा-अर्चना, अभिषेक एवं प्रसाद वितरण का भव्य आयोजन श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। प्रातः काल से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की निरंतर आवाजाही बनी रही। बाबा श्री श्याम के जयकारों, भजनों एवं मंत्रोच्चार से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण हो गया। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा श्री श्याम के विधिवत अभिषेक से हुई, जिसके पश्चात बाबा का आकर्षक एवं भव्य श्रृंगार कर उन्हें बसंत पंचमी के विशेष पर्व पर पीतांबरी बागा धारण कराई गई। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद स्वरूप पीतांबरी (बागा) का वितरण किया गया, जिसे भक्तों ने अत्यंत श्रद्धा, विश्वास एवं आस्था के साथ ग्रहण किया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन कर बाबा श्याम का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर बाबा श्री श्याम का अभिषेक एवं श्रृंगार मंदिर के मुख्य पुजारी रूपेंद्र शुक्ला एवं पंडित रवि द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार एवं धार्मिक विधि-विधान के साथ संपन्न कराया गया। अभिषेक के पश्चात प्रसाद वितरण प्रारंभ हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह और उल्लास देखने को मिला। पीतांबरी बागा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए श्री श्याम सेवा समिति काशीपुरी धाम, भीलवाड़ा के अध्यक्ष सुरेश पोद्दार ने बताया कि बाबा श्याम की पीतांबरी को भक्त अपने घरों के पूजा स्थल, तिजोरी अथवा व्यापारिक प्रतिष्ठानों में श्रद्धा से स्थापित करते हैं।

मान्यता है कि इसे मंगल कार्यों, नई शुरुआत एवं विशेष अवसरों पर धारण करने से घर में सुख-समृद्धि, सकारात्मक ऊर्जा एवं पारिवारिक शांति का वास होता है। मंदिर के मुख्य पुजारी रूपेंद्र शुक्ला ने धार्मिक मान्यताओं की जानकारी देते हुए बताया कि खाटू श्याम का पीतांबरी बागा केवल एक वस्त्र नहीं, बल्कि बाबा की कृपा, शक्ति एवं आशीर्वाद का सजीव प्रतीक माना जाता है। विशेष तिथियों, विशेषकर बसंत पंचमी के अवसर पर बाबा को धारण कराई जाने वाली यह पीली बागा शास्त्रों में पवित्रता, ज्ञान, वैभव एवं समृद्धि का प्रतीक मानी गई है। भक्तों का अटूट विश्वास है कि बागा का छोटा सा अंश भी यदि श्रद्धा से घर, तिजोरी, पूजा स्थल या व्यापारिक प्रतिष्ठान में रखा जाए, तो वहां धन-धान्य की कभी कमी नहीं होती। इससे संतान सुख, विवाह, व्यापार, नौकरी में उन्नति, सुख-शांति की प्राप्ति होती है तथा नकारात्मक शक्तियों का नाश होता है। मीडिया प्रभारी पंकज अग्रवाल ने बताया कि आयोजन को सफल बनाने के लिए समिति द्वारा दर्शन व्यवस्था, अभिषेक, प्रसाद वितरण एवं अनुशासन बनाए रखने हेतु विशेष प्रबंध किए गए थे, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं गरिमामय रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्थाएं श्री श्याम सेवा समिति काशीपुरी धाम, भीलवाड़ा द्वारा की गईं। समिति ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी सेवाभावी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं श्रद्धालुओं का हृदय से आभार व्यक्त किया।

# आईसीएसएसआर प्रायोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन संपन्न



स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

प्रबंधन विभाग द्वारा भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन 'विकसित भारत @2047 के लिए सुदृढ़ प्रबंधन पद्धतियाँ' का उद्घाटन गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। उद्घाटन अवसर पर प्रो. नागेश्वर राव, पूर्व कुलपति इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (द्धस्त्रहृह्र) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, प्रो. सुरेश के. अग्रवाल, कुलपति महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।

सम्मेलन के मार्गदर्शक एवं निदेशक डॉ. मुकेश शर्मा ने बताया कि इस राष्ट्रीय सम्मेलन में देशभर से 300 से अधिक शोधार्थी, विद्यार्थी एवं शिक्षाविद सहभागिता कर रहे हैं। सम्मेलन के संयोजक डॉ. संदीप चौरसिया ने जानकारी दी कि अकादमिक गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु कार्यक्रम को छह तकनीकी सत्रों में विभाजित किया गया है, जिससे प्रत्येक प्रतिनिधि को अपने शोध एवं विचार प्रस्तुत करने का समुचित अवसर मिल सके। इस अवसर पर सह-संयोजक प्रो. लोकेश त्रिपाठी की उपस्थिति भी उल्लेखनीय रही।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. करुणेश सक्सेना ने कहा कि यह सम्मेलन सांगम विश्वविद्यालय के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण है। उन्होंने बताया कि आईसीएसएसआर द्वारा समर्थित यह विश्वविद्यालय का 25वाँ सरकारी निकाय द्वारा वित्तपोषित प्रोजेक्ट है, जो संस्थान की शैक्षणिक साख को और सुदृढ़ करेगा तथा विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा में वृद्धि करेगा।इस अवसर पर सम्मेलन स्मारिका का भी विधिवत विमोचन किया गया। कार्यक्रम में प्रो. वाइस चांसलर डॉ. मानस रंजन पाणिग्रही एवं कुल सचिव डॉ. आलोक कुमार ने आयोजन के लिए प्रबंधन विभाग को बधाई देते हुए इसके सफल संचालन की सराहना की। यह राष्ट्रीय सम्मेलन विश्वविद्यालय की अकादमिक पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक सशक्त होगा ।

# 645 लीटर सोयाबीन तेल सीजः 'शुद्ध आहार-मिलावट पर वार' अभियान के तहत कई प्रतिष्ठानों पर जांच

स्मार्ट हलचल





**ब्यावर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने 'शुद्ध आहार-मिलावट पर वार' योजना के तहत कार्रवाई की गई। जिला कलेक्टर कमल कुमार मीणा के निर्देश पर और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय गहलोत के नेतृत्व में गठित खाद्य सुरक्षा टीम ने शहर के विभिन्न प्रतिष्ठानों पर सघन जांच अभियान चलाया।

इस अभियान के दौरान खाद्य सुरक्षा टीम ने कई प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थों के नमूने लिए। इनमें चारानी स्वीट्स एंड नमकीन से दही और पनीर, चौलजी स्वीट्स एंड नमकीन से पनीर, माया आशा एजेंसी से मटर, गणपति उद्योग गौरी नमकीन से सोयाबीन तेल, गहलोत किराणा एंड मार्ट से घी, मातेश्वरी किराणा से मिर्च पाउडर और गौरव ट्रेडर्स से सोयाबीन तेल के नमूने शामिल हैं।

जांच के दौरान गौरव ट्रेडर्स पर बड़ी कार्रवाई की गई। यहां लगभग 645 लीटर सोयाबीन तेल को मिलावट की आशंका, बिना लेबल और पुराने टिन पाए जाने के कारण जब्त कर लिया गया। इसके अतिरिक्त संबंधित प्रतिष्ठानों को साफ-सफाई बनाए रखने और खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मौके पर ही कई एक्सपायरी खाद्य पदार्थों को नष्ट भी करवाया गया। लिए गए सभी नमूनों को जांच के लिए अजमेर स्थित खाद्य प्रयोगशाला भेजा गया है। इन नमूनों की रिपोर्ट मिलने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

इस कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी नारायण सिंह ने जांच दल के साथ प्रभावी भूमिका निभाई। विभाग ने मीडिया को बताया कि यह विशेष खाद्य शुद्धता अभियान लगातार जारी रहेगा। आगामी चरणों में होटल, रेस्टोरेंट, मिठाई की दुकानें, कैफे, फल-सब्जी विक्रेता, मसाला व तेल व्यापारी, अनाज मंडी, सब्जी मंडी, फास्ट फूड और समोसा-कचौरी निर्माताओं का भी निरीक्षण कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने स्पष्ट किया कि अभियान के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# हिन्दुस्तान जिंक और सीआईएमआईसी ग्रुप कंपनिया भारत की पहली जिंक टेलिंग्स रीसाइक्लिंग फैसिलिटी करेगी स्थापित

## सीआईएमआईसी ग्रुप कंपनियों सेडगमैन और लेटन एशिया को ईपीसी और इंजीनियरिंग कॉन्ट्रैक्ट

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** वेदांता ग्रुप की कंपनी और विश्व की सबसे बड़ी इंटीग्रेटेड जिंक उत्पादक, हिन्दुस्तान ज़िंक लिमिटेड ने राजस्थान में अपनी प्रमुख रामपुरा आगुचा माइंस में भारत की पहली जिंक टेलिंग्स रीसाइक्लिंग फैसिलिटी के विकास के लिए सीआईएमआईसी ग्रुप कंपनियों सेडगमैन और लेटन एशिया को कॉन्ट्रैक्ट देने की घोषणा की। टेलिंग्स, खनिज निकालने के बाद बचे हुए बारीक पिसे हुए अवशेष होते हैं। हालांकि इन्हें पारंपरिक रूप से वेस्ट माना जाता है, लेकिन टेलिंग्स में अक्सर कीमती धातुओं की बची हुई मात्रा होती है जिन्हें पहले की प्रोसेसिंग टेक्नोलॉजी से रिकवर नहीं किया जा सकता था। रामपुरा आगुचा में अपनी तरह की यह अनोखी फैसिलिटी पहले से प्रोसेस किए गए टेलिंग्स से जिंक और चांदी जैसी धातुओं को रिकवर करने के लिए एडवांस्ड रीसाइक्लिंग तकनीकों का उपयोग करेगी, जिससे पुराने वेस्ट को कीमती संसाधनों में बदला जा सकेगा और माइनिंग के लिए सर्कुलर अप्रोच को बढ़ावा मिलेगा। यह प्रोजेक्ट मील का पत्थर है, जो रिसोर्स एफिशिएंसी, सर्कुलर इकोनॉमी प्रैक्टिस और घरेलू जरूरी मिनरल्स की सप्लाई को मजबूत करने पर भारत के फोकस के साथ जुड़ा हुआ है। यह पहल हिन्दुस्तान ज़िंक की भविष्य के लिए तैयार, मल्टी-मेटल पोर्टफोलियो बनाने और भारत के आवश्यक मिनरल्स इकोसिस्टम को मजबूत करने की बड़ी रणनीति का मुख्य स्तंभ है। पुरानी टेलिंग्स से वैल्यू निकालकर, यह फैसिलिटी पर्यावरण पर होने वाले असर को कम करेगी, जमीन का बेहतर इस्तेमाल करेगी और देश के लिए लंबे समय तक रिसोर्स सिक्योरिटी को बढ़ाएगी। हिन्दुस्तान ज़िंक लिमिटेड के सीईओ अरुण मिश्रा, ने कहा कि 'भारत के औद्योगिक विकास का अगला चरण सिर्फ इस बात से तय नहीं होगा कि हम कितना माइनिंग करते हैं, बल्कि इस बात से भी तय होगा कि हम अपने पास मौजूद चीजों का कितनी समझदारी से उपयोग करते हैं। यह प्रोजेक्ट माइनिंग में एक्सट्रैक्शन से ऑप्टिमाइजेशन की ओर, और लीनियर कंजम्पशन से सर्कुलर वैल्यू क्रिएशन की ओर एक मौलिक बदलाव को दिखाता है। ग्लोबल लेवल पर भारत की पहली जिंक टेलिंग्स रीसाइक्लिंग फैसिलिटी स्थापित कर, हिन्दुस्तान ज़िंक एक ऐसा ब्लूप्रिंट बना रहा है कि कैसे पुराने रिसोर्स को भविष्य की सप्लाई में बदला जा सकता है, जिससे देश की जरूरी मिनरल्स सिक्योरिटी मजबूत होगी। सेडगमैन की ग्लोबल मिनरल्स प्रोसेसिंग विशेषज्ञता और लेटन एशिया के ऑन-ग्राउंड इंफ्रास्ट्रक्चर एग्जीक्यूशन के साथ हमारा सहयोग, जिम्मेदार माइनिंग



के लिए नए बेंचमार्क स्थापित करने के लिए टेक्नोलॉजी और डिलीवरी का सबसे अच्छा मेल है।' यह डेवलपमेंट कंपनी की प्रोडक्शन कैपेसिटी को दोगुना करने की योजना का हिस्सा है। इससे पहले अगस्त में, हिन्दुस्तान ज़िंक के बोर्ड ने रामपुरा आगुचा में 10 मिलियन टन प्रति वर्ष जिंक टेलिंग्स रीसाइक्लिंग फैसिलिटी के डेवलपमेंट के लिए 3,823 करोड़ तक के इन्वेस्टमेंट को मंजूरी दी थी, जिसे जीरो डेट से 28 महीनों के अंदर पूरा करने का लक्ष्य है। इस मंजूरी के बाद, हिंदुस्तान जिंक ने अब इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन एक्टिविटीज के लिए सीआईएमआईसी ग्रुप कंपनियों को कॉन्ट्रैक्ट दिए हैं। कॉन्ट्रैक्ट के तहत, मिनरल्स प्रोसेसिंग में ग्लोबल लीडर सेडगमैन, डिटेल इंजीनियरिंग और ऑफशोर इक्विपमेंट प्रोक्योरमेंट करेगा, जबकि भारत में मजबूत मौजूदगी वाला एक लंबे समय का इंफ्रास्ट्रक्चर डिलीवरी पार्टनर लेटन एशिया, ऑनशोर प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन को मैनेज करेगा। यह प्रोजेक्ट भारत की क्लीन एनर्जी, इंफ्रास्ट्रक्चर और एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग की महत्वाकांक्षाओं को सपोर्ट करने के लिए एडवांस्ड प्रोसेसिंग टेक्नोलॉजी, ग्लोबल एक्सपर्टाइज और लोकल एग्जीक्यूशन कैपेबिलिटीज को एक साथ लाता है। एसीएस ग्रुप और एचओसीएचटीआईईएफ के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर और सीआईएमआईसी ग्रुप के एग्जीक्यूटिव चेयरमैन जुआन सैंटामारिया ने कहा कि 'यह प्रोजेक्ट मिनरल्स प्रोसेसिंग में सेडगमैन की लीडरशिप और इंफ्रास्ट्रक्चर डिलीवरी में लेटन एशिया की साबित क्षमता को दिखाता है। यह महत्वपूर्ण मिनरल्स डेवलपमेंट के जरिए ग्लोबल एनर्जी ट्रांजिशन को सपोर्ट करने के लिए सीआईएमआईसी ग्रुप की रणनीतिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मॉडर्न टेलिंग्स रीसाइक्लिंग जरूरी मिनरल्स को रिकवर करने के नए अवसर सृजित करती है जो क्लीन एनर्जी टेक्नोलॉजी और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को पावर देते हैं।' ग्रांट फ्रेजर, मैनेजिंग डायरेक्टर, सेडगमैन ने कहा कि 'टेलिंग्स रीसाइक्लिंग में अपने बड़े ट्रैक रिकॉर्ड का लाभ उठाकर, हमें हिन्दुस्तान ज़िंक को सर्कुलर इकोनॉमी अप्रोच के जरिए पुरानी टेलिंग्स से वैल्यू निकालने में सहायता करते हुए खुशी हो रही है। हमारी एंड-टू-एंड टेक्निकल और डिलीवरी विशेषज्ञता क्लीन एनर्जी ट्रांजिशन को सपोर्ट करते हुए अधिक सस्टेनेबल मिनरल्स निकालने में मदद करती है।' ब्रैड डेवी, मैनेजिंग डायरेक्टर, लेटन एशिया ने कहा कि 'अंतर्राष्ट्रीय अनुभव को गहरी स्थानीय जानकारी के साथ मिलाकर, हमें हिंदुस्तान जिंक के साथ एक ऐसे प्रोजेक्ट में पार्टनर बनकर गर्व है जो भारत के माइनिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करता है, क्षेत्रीय विकास को सपोर्ट करता है, और रोजगार और खरीद के जरिए स्थानीय समुदायों के लिए सार्थक अवसर प्रदान करता है।' हिन्दुस्तान ज़िंक का मुख्यालय उदयपुर में स्थित है जो कि राज-स्थान और उत्तराखंड राज्यों में जिंक, लेड और सिल्वर की अंडरग्राउंड माइंस, स्मेल्टर (मेटल प्रोडक्शन प्लांट) संचालित करती है। इस वर्ष की शुरुआत में, बोर्ड ने कंपनी की प्रोडक्शन क्षमता को दोगुना करने के उद्धेश्य से निवेश के पहले चरण को मंजूरी दी थी। इन योजनाओं में रिफाइंड मेटल क्षमता को 250 किलोटन प्रति वर्ष तक बढ़ाना और कई जगहों पर खदानों और मिलिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को अपग्रेड करना शामिल है, जिसमें लगभग 12,000 करोड़ का निवेश किया जाएगा। ये विस्तार रणनीतिक रूप से अगले पांच से दस सालों में भारत में जिंक की मांग के दोगुना होने के अनुमान के साथ जुड़े हुए हैं, जो इंफ्रास्ट्रक्चर और स्टील सेक्टर में बड़े निवेश से प्रेरित है। एक लिस्टेड कंपनी के तौर पर, हिन्दुस्तान ज़िंक स्वतंत्र गवर्नेंस और पारदर्शी सस्टेनेबिलिटी रिपोर्टिंग को बनाए रखती है। इंटरनेशनल एनवायरनमेंटल रिस्पॉन्सिबिलिटी प्रोग्राम ने टेलिंग्स मैनेजमेंट, डीकार्बनाइजेशन, सर्कुलर इकोनॉमी पहलों और डीईआई में कंपनी की लीडरशिप को मान्यता दी है। सस्टेनेबल संचालन में अग्रणी कंपनी के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करते हुए, हिंदुस्तान जिंक को एसएण्डपी ग्लोबल कॉर्पोरेट सस्टेनेबिलिटी असेसमेंट 2025 द्वारा लगातार तीसरे वर्ष विश्व की सबसे सस्टेनेबल मेटल्स और माइनिंग कंपनी के रूप में मान्यता दी गयी है। विशेष रूप से हिंदुस्तान जिंक प्रतिष्ठित इंटरनेशनल काउंसिल ऑन माइनिंग एंड मेटल्स का भारत का पहला सदस्य है।

### भीलवाड़ा में पुलिस का सख्त एक्शन

# शांति भंग में 35 धाराए, विभिन्न प्रकरणों में 45 वांछित आरोपी गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर पुलिस ने व्यापक स्तर पर कार्रवाई करते हुए शांति भंग के आरोप में 35 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही विभिन्न थानों में दर्ज प्रकरणों में लंबे समय से वांछित 45 आरोपियों को भी दबोचा गया है। पुलिस की इस सघन कार्रवाई से जिलेभर में हड़कंप मच गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार जिले के प्रतापनगर, गांधीनगर, भीमगंज, हमीरगढ़, कोटड़ी, काछोला, मांडलगढ़, बड़लियास, आसींद, बनेड़ा, जहाजपुर, गुलाबपुरा, रायला, शंभूगढ़, गंगापुर, मांडल और पुर थाना क्षेत्रों में शांति भंग की आशंका को देखते हुए धारा 126-170 बीएनएसएस के तहत यह कार्रवाई की गई।

इन मामलों में हैप्पी सिंह, रामबाबू गोयल, रोनक शर्मा, सत्यप्रकाश सिंह, रोहन लखारा, पप्पु खटीक, देवकरण उर्फ देवराज, महेन्द्र कहार, रामेश्वर कहार, चम्पालाल धाकड़, निरमा देवी, इम्तियाज, शाहरूख, सत्यनारायण ढोली, गोविंद नायक, रूपा नायक सहित कुल 35 आरोपियों को निरुद्ध किया गया।

वहीं दूसरी ओर जिले के विभिन्न पुलिस थानों में दर्ज पुराने प्रकरणों में वांछित 45 आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया। इनमें एनआई एक्ट, आईपीसी, बीएनएस, एनडीपीएस एक्ट, एक्साइज एक्ट, एमएमडीआर एक्ट व पोक्सो एक्ट जैसे गंभीर मामलों के आरोपी शामिल हैं।

इन गिरफ्तारियों में विष्णु मंत्री, दीपक नैनानी, हीरालाल कृपलानी, भंवर सिंह चुण्डावत, तुलसीराम शर्मा, हैप्पी सिंह रावणा, श्यामलाल नायक, अनिल गुर्जर, शाहिद खान, मोहम्मद यूनुस, मुकेश साहू, नंदिनी सांसी, गणेश कोली, पप्पू सिंह कानावत, उदयलाल दमामी, गोपाल बलाई, लक्ष्मी बलाई, दुर्गेश शर्मा, शायरी ओड, आसीफ खान, सलमान खान, वसीम, शेरू, तालिब, मुकेश भील, असलम मोहम्मद, मुरली सेन सहित अनेक आरोपी शामिल हैं।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह कार्रवाई जिले में अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने और असामाजिक तत्वों पर लगाम कसने के उद्देश्य से की गई है। आगे भी यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

# बसंत पंचमी पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कटार में सामूहिक भोज का आयोजन



स्मार्ट हलचल | कटार

बसंत पंचमी के पावन अवसर पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कटार में स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला, जहां विद्यार्थियों ने श्रद्धा, उल्लास और आपसी सौहार्द के साथ पर्व मनाया।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में आपसी भाईचारे, सामाजिक समरसता एवं भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना रहा। सामूहिक भोज के दौरान विद्यार्थियों ने एक साथ बैठकर भोजन ग्रहण किया, जिससे उनमें समानता और सहयोग की भावना और अधिक मजबूत हुई।

इस आयोजन को सफल बनाने में समाजसेवी जितेंद्र कुमार, नानूराम गुर्जर, महावीर सोनी, छगन लाल नायक, राजू कुम्हार एवं सांवरमल सालवी की सराहनीय भूमिका रही। आयोजकों के सहयोग से कार्यक्रम सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

विद्यालय प्रशासन एवं उपस्थित अतिथियों ने इस प्रकार के आयोजनों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम के समापन पर विद्यार्थियों के चेहरों पर खुशी और संतोष साफ झलकता नजर आया।

# सांगा बस्ती में सजेगा विराट हिंदू सम्मेलन का भव्य मंच, तैयारियों का शंखनाद, पोस्टर विमोचित



स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन की गूँज अब हर-मोहल्लों तक पहुँच चुकी है। इसी क्रम में आज सांगा बस्ती चिन्ताहारन महादेव शिव नगर में पोस्टर विमोचन का कायक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम स्थल पर जैसे ही धर्म ध्वज (केसरिया ध्वज) फहराया गया, पूरी बस्ती श्जय श्री रामश् के नारों से गुंजायमान हो उठी। कार्यकर्ताओं ने उत्साह व्यक्त करते हुए कहा कि यह हमारे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है कि इतने बड़े स्तर का आयोजन यहाँ होने जा रहा है। आयोजन समिति ने बताया कि आयोजित होने वाले इस विराट सम्मेलन में हजारों की संख्या में समाजजन जुटेंगे। और आसपास की बस्तियों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन को सफल बनाने के लिए स्थानीय युवाओं की टोलियाँ घर-घर जाकर पीले चावल बांट रही हैं और लोगों को इस ऐतिहासिक पल का सहभागी बनने का निमंत्रण दे रही हैं। साथ ही कार्यक्रम स्थल पर भव्य पांडाल और मंच निर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया है। सुरक्षा, बैठक व्यवस्था और पेयजल के लिए अलग-अलग टीमें गठित की गई हैं ताकि आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। विराट हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति ने सांगा बस्ती सहित पूरे भीलवाड़ा शहर के सनातनी बंधुओं से अपील की है कि वे आगामी 1 फरवरी को अधिक से अधिक संख्या में पधारकर अपनी एकता और शक्ति का परिचय दें। मीडिया प्रभारी आशीष पाराशर ने बताएं की कार्यक्रम संयोजक राजेंद्र काबरा, सांगा बस्ती अध्यक्ष प्रह्लाद नुवाल, चंद्रप्रकाश मालु राम गोपाल लोहार, गोपाल लाल तेली, भगवान, दिनेश कुमार, मनोज कुमार सोनी और क्षेत्रवासी मौजूद थे।

# कलेक्टर संधू बोले शिविरों में मिले आमजन को त्वरित राहत

### गणतंत्र दिवस गरिमा से मनाने के निर्देश

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू की अध्यक्षता में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में प्रशासनिक तैयारियों की गहन समीक्षा की गई। बैठक में गिरदावर वृत्त स्तर पर आयोजित होने वाले 10 दिवसीय शिविरों की तैयारियों पर विशेष चर्चा हुई। कलेक्टर ने कृषि, उद्यान, सहकारिता, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य, ग्रामीण विकास, पंचायती राज, आपदा प्रबंधन, उद्योग, जल संसाधन



एवं ऊर्जा सहित विभिन्न विभागों से तैयारियों की जानकारी ली।

कलेक्टर संधू ने निर्देश दिए कि शिविरों के माध्यम से आमजन को अधिकतम राहत मिले और विभागीय समन्वय के साथ समस्याओं का त्वरित व प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में वंदे मातरम् 150 अभियान के अंतर्गत प्रस्तावित गतिविधियों, जिले के पंच गौरव उत्पादों तथा आगामी राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गणतंत्र दिवस को पूर्ण गरिमा, अनुशासन और उत्साह के साथ मनाया जाए तथा सभी व्यवस्थाएं समय पर पूरी हों।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) रणजीत सिंह, एडीएम सिटी प्रतिभा देवटिया, जिला परिषद सीईओ चंद्रभान सिंह भाटी, नगर विकास न्यास सचिव ललित गोयल सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# तेज धमाके के साथ तीसरी मंजिल पर कमरे की दीवार गिरी, परिवार के लोग सहमे, आस पड़ोस में फैली दहशत

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा** । शहर में शनिवार अल सुबह कुछ ऐसा हुआ जिसने लोगो में दहशत फैला दी यहां आर्य बाल विद्या मंदिर स्कूल के पास एक घर की तीसरी मंजिल स्थित एक कमरे में तेज धमाका हुआ और दीवार भरभरा कर गिर गई । जिससे वहां मौजूद परिवार के लोग सहम उठे और आस पड़ोस के लोग दहशत में आ गए एकाएक हुई इस घटना को लोग समझ ही नही पाए और दौड़कर मौके पर पहुंचे हालाकी गनीमत रही



कि इस हादसे में परिवार के लोगो को किसी प्रकार का नुकसान नहीं पहुंचा वही पास में दो बच्चे भी सो रहे थे जो भी बाल बाल बच गए और बड़ा हादसा होते होते रह गया । लेकिन कमरे में रखा सारा सामान टूट फूट गया । सूचना पर कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की ।

# उपाध्याय भीलवाड़ा जिला अध्यक्ष मनोनीत

स्मार्ट हलचल | लुहारिया




मांडल उपखंड की लुहारिया पंचायत के अधिवक्ता बालु लाल उपाध्याय को वकिलों की संस्था राष्ट्रीय संयुक्त अधिवक्ता मंच ने जिला अध्यक्ष (युवा प्रकोष्ठ) भीलवाड़ा मनोनीत किया। उपाध्याय को यह नियुक्ति सामाजिक संगठनों में सक्रिय रहने, अधिवक्ता हितों का कार्य करने पर दी गई है।इस अवसर पर उपाध्याय ने कहा कि मैं सदैव अधिवक्ता हितों के लिए कार्य करते रहेंगे व राष्ट्रीय मंच के उद्देश्यो के लिए समर्पित रहेंगे एवं लोगों की सेवा करते रहेंगे।जिला अध्यक्ष मनोनीत होने पर उपाध्याय को शुभचिंतकों व समाजजनों एवं परिचीतों द्वारा दी बधाईयां।

# अलौकिक श्रृंगार, श्रद्धा, भक्ति के साथ संपन्न हुआ तिरुपति बालाजी मंदिर में ऐतिहासिक पाटोत्सव

### दक्षिण भारतीय माहौल में दिखा आस्था, परंपरा और भव्यता का संगम, 15 वर्षों से जारी अनवरत परंपरा, पहली बार अर्पित हुआ छप्पन भोग

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** तिरुपति बालाजी मंदिर में स्थापना के पंद्रह वर्षों से अनवरत बसंत पंचमी के पावन अवसर पर आयोजित होने वाला पाटोत्सव इस वर्ष भी अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं भव्यता के साथ संपन्न हुआ। भक्तों की विशेष भावनाओं के अनुरूप इस वर्ष भगवान तिरुपति बालाजी को पहली बार छप्पन भोग अर्पित किया गया, जिससे आयोजन को विशेष एवं ऐतिहासिक स्वरूप प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर को दक्षिण भारतीय परंपरा एवं संस्कृति के अनुरूप सजाया गया, जिससे संपूर्ण वातावरण मानो दक्षिण भारत की दिव्य भूमि का अनुभव करा रहा था। प्रातःकाल वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत अभिषेक किया गया, इसके पश्चात भगवान का अलौकिक श्रृंगार किया गया। तत्पश्चात छप्पन भोग की भव्य एवं मनोहारी झांकी सजाई







गई, जिसने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। दोपहर सवा बारह बजे आयोजित महाआरती में समस्त श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से भाग लेकर भगवान के चरणों में अपनी श्रद्धा अर्पित की। महाआरती उपरांत सभी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। दक्षिण भारतीय शैली की पूजा-पद्धति, वेशभूषा एवं सजावट के कारण संपूर्ण आयोजन में दक्षिण भारत की आध्यात्मिक छवि स्पष्ट रूप से झलकती रही। तिरुपति बालाजी का यह मंदिर लाखों भक्तों की आस्था एवं विश्वास का केंद्र है। जनमान्यता है कि जो भक्त सच्चे मन से भगवान बालाजी का स्मरण करता है, उसके जीवन के सभी कष्ट दूर हो जाते हैं। पाटोत्सव के अवसर पर शहर के अनेक गणमान्य नागरिकों एवं श्रद्धालुओं ने मंदिर में पधारकर दर्शन किए और भगवान तिरुपति बालाजी का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में महेश पुरी, सुरेश तोषनीवाल, मुकेश गुर्जर, राधेश्याम तोषनीवाल, अशोक जोशी, अनिल बांगड़, प्रवीण अग्रवाल संजय डाड, नीरव राठी का विशेष योगदान रहा। वहीं महिला वर्ग से विनीता तोषनीवाल, अनीता गुर्जर, सुनीला जोशी, नीना अग्रवाल, तारा बांगड़, लीला गोस्वामी, रीना डाड ने भी पूर्ण समर्पण भाव से आयोजन में सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर पुर्व सांसद सुभाष बहेड़िया, कैलाश कोठारी, अशोक बाहेती, रमेश राठी, सुशील मरोटिया, भैरूलाल काबरा, सत्यनारायण डाड, रमेश बाल्दी, मनोज तोषनीवाल, आशिष तोषनीवाल, भारती बाहेती, सुमन सोनी, सोनल माहेश्वरी सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# जसवंतपुरा विद्यालय की जर्जर स्थिति छात्रों के जीवन पर मंडरा रहा खतरा अधिकारियों को सूचित करने के बाद भी नहीं दे रहे हैं ध्यान

स्मार्ट हलचल

**बेरा।** बनेड़ा उपखंड क्षेत्र के बेरा ग्राम पंचायत के जसवंतपुरा राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के बिल्डिंग की जर्जर स्थिति हो रही है जिससे छात्रों के जीवन पर मंडरा रहा खतरा कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा विद्यालय बना तालाब बारिश का पानी विद्यालय में भरा हुआ है जिसके कारण विद्यालय की बिल्डिंग जर्जर व्यवस्था में पहुंच गई है शुक्रवार को सरपंच प्रतिनिधि सुवालाल गुर्जर व विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष महावीर सिंह व ग्रामीण अचानक औचक निरीक्षण पर विद्यालय में पहुंचे तब विद्यालय की पीड़ा अपने आप दिखाई दी गई बताया गया कि विद्यालय के बिल्डिंग के पीछे धर्म तालाब में पानी भरा हुआ है जिसका रिचेस यू हो रहा है बिल्डिंग में पानी घुसने से पूरे विद्यालय ग्राउंड में पानी ही पानी भरा हुआ है जिससे बच्चों को बैठने की भी व्यवस्था नहीं है भवन में प्लास्टर गिर रहा है जर्जर व्यवस्था में पूरी बिल्डिंग गिरने की कंगार पर हैं लेकिन प्रशासन इसकी



ओर ध्यान नहीं दे रहा है सरपंच प्रतिनिधि सुवालाल गुर्जर ने बताया कि विद्यालय की समस्या को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी ब्लॉक शिक्षा अधिकारीएवं उच्च अधिकारियों को अवगत करवा दिया है लेकिन अभी तक किसी ने ध्यान नहीं दिया है।

आज ग्रामीणों के साथ विद्यालय में आए तब प्रधानाचार्य ने विद्यालय की स्थिति बताई की जर्जर स्थिति में कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है इस विद्यालय का दुर्भाग्य देखो की भामाशाह द्वारा बनाई गई बिल्डिंग सरकार ने केवल तीन कमरे ही बनवाए हैं बाकी भामाशाह द्वारा नवनिर्माण करवाया था इसके बाद आज दिन तक किसी जनप्रतिनिधि एवं सरकार के सहयोग से कार्य नहीं हुआ है विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष महावीर सिंह ने बताया कि ग्रामीण द्वारा कहीं बार शिक्षा विभाग एवं स्थानीय प्रशासन को लिखित में शिकायत दी गई है विभाग की यह लापरवाही किसी बड़ी अनहोनी को न्योता दे सकती हैं विद्यालय परिसर के कक्षा कक्ष बरसात के पानी से लबालब व सभी 11 कक्षा की नींव कमजोर पूरा भवन संरचत्मक रूप से सुरक्षित नहीं है बताया कि विद्यालय का पूरा भवन भामाशाह की सहयोग से बना है जिसमें वर्तमान में 130 छात्र-छात्राएं अध्यनरत है ग्राम वासियों की मांग है की बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए जल्दी से जल्दी नए भवन की स्वीकृति दी जाए अन्यथा ग्रामीण अगला कदम उठाने में मजबूर होंगे उपस्थित ग्रामीण किशन लाल माली राजू लाल सुथार राजू लालमाली नानूराम लादू लाल माली दुर्गा लाल रतन लाल माली विमल रेगर सीमा शायरी भेरूलाल सुवालाल रामप्रसाद एवं कहीं ग्रामीण विद्यालय में विद्यालय की समस्या प्रशासन तक आवाज उठाई।

# गुर्जर समाज सामुहिक विवाह सम्मेलन बिजौलिया में 21 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में

## गुर्जर समाज शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़े-पूर्व राज्यमंत्री धीरज गुर्जर, माण्डल देवनारायण मंदिर खुलवाने के बाद ही बाल-दाढ़ी बनवाऊंगा व साफा पहनुगा विधायक -भड़ाना

स्मार्ट हलचल



**बिजौलियाँ।** बिजौलिया किसान आंदोलन के प्रणेता श्री विजय सिंह पथिक की कर्मभूमि बिजौलिया में देव डूंगरी देवनारायण मन्दिर पर गुर्जर समाज के वार्षिक बंधेज पूर्णाहुति व पांचवें निःशुल्क गुर्जर समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन में गुर्जर समाज के 21 जोड़ों ने भगवान देवनारायण को साक्षी मानकर अपने वैवाहिक बंधन में बंधकर दाम्पत्य जीवन की शुरुआत की। सम्मेलन में उपस्थित हजारों समाज जनों को मुख्य अतिथि पूर्व राज्यमंत्री धीरज गुर्जर ने संबोधित करते हुए कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन होने से समाज का उत्थान होगा, बिजौलियां के सम्मेलन से प्रेरित होकर पूरे राजस्थान में सामूहिक विवाह सम्मेलन की प्रक्रिया निरंतर चलनी चाहिए। गुर्जर समाज देशभक्त एवं राष्ट्रभक्त कौम है, गुर्जर जाति ने देश के लिए अनगिनत बलिदान दिए हैं। बिजौलियां किसान आंदोलन के प्रणेता विजय सिंह पथिक कि कर्मभूमि है और बिजौलियां मेवाड़ की रियासत है और मेवाड़ के इतिहास को बचाने वाली मां पन्नाधाय गुर्जर के बलिदान को कभी भूलाया नहीं जा सकता है। गुर्जर समाज में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने की जरूरत है, बेटी शिक्षित होने से दो परिवारों में जागरुकता होती है। मांडल विधायक उदयलाल भड़ाना ने कहा कि मांडल देवनारायण मंदिर को खुलवाने के लिए वो लगातार प्रयास कर रहे हैं और मांडल देवनारायण मंदिर खुलने के बाद ही वो साफा पहनेंगे, बाल दाड़ी बनवाएंगे, साथ ही कहा कि जिला मुख्यालय भीलवाड़ा शहर में गुर्जर छात्रावास का निर्माण कार्य किया जा रहा है। बिजौलिया श्री विजय सिंह पथिक की कर्मभूमि है हम सभी को विजय सिंह पथिक के जीवन दर्शन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़े। कोटा के पूर्व विधायक एवं लोकसभा प्रत्याशी प्रहलाद गुंजल ने कहा कि गुर्जर समाज को हर क्षेत्र में संगठित होकर आगे बढ़ने का आह्वान किया। गुर्जर समाज का सर्वांगीण विकास बालिका शिक्षा के बिना अधूरा है, गुर्जर समाज बालिका शिक्षा पर विशेष ध्यान दे। गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष विजय सिंह बैंसला ने तहसील स्तर पर गुर्जर समाज के सामुहिक विवाह सम्मेलन आयोजित करने की बात प्रमुखता से रखते हुए कहा कि सामुहिक विवाह सम्मेलन से गुर्जर समाज आर्थिक रूप से मजबूत होगा। उप जिला प्रमुख शंकरलाल गुर्जर ने समाज के युवा पीढ़ी से शिक्षा के प्रति समर्पित हो कर आगे बढ़ने का आह्वान किया। गुर्जर समाज मांडलगढ़ के अध्यक्ष सत्यनारायण गुर्जर ने कहा कि गुर्जर समाज फिजूलखर्ची को बचाकर शिक्षा के प्रति खर्च करे, शिक्षा से ही गुर्जर समाज का सर्वांगीण विकास होगा, आगामी दिनों में बहुत जल्द मांडलगढ़ में गुर्जर छात्रावास का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। अखिल भारतीय गुर्जर महासभा प्रदेशाध्यक्ष रामप्रसाद धाभाई ने उपस्थित समाजजनों को संबोधित करते हुए अपने बालक बालिकाओं को अच्छी पढ़ाई अच्छा स्वास्थ्य के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया। गुर्जर समाज की ओर से गुर्जर समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन बिजौलिया में सहयोग करने वाले नेवालाल गुर्जर, सोजीलाल गुर्जर, रंगलाल गुर्जर, रमेश गुर्जर, चौवन गुर्जर, मुकेश गुर्जर, संजय गुर्जर, सत्यनारायण गुर्जर, नन्दा गुर्जर, नेवालाल गुर्जर, भूपेंद्र सिंह धाभाई, जुगराज गुर्जर, ओम गुर्जर, नवरतन गुर्जर, छीतर गुर्जर, रमेश गुर्जर, नेवालाल गुर्जर, सुरेश गुर्जर, किशन गुर्जर, जुगराज गुर्जर, सांवरा गुर्जर, बबलू गुर्जर, प्रकाश गुर्जर, प्रकाश गुर्जर, रामस्वरूप गुर्जर, रमेश गुर्जर, शंकर गुर्जर, देबीलाल गुर्जर, महेंद्र गुर्जर, रामफूल गुर्जर, राजू गुर्जर, शंकर गुर्जर, शंभूलाल गुर्जर, गोविंद गुर्जर, रामस्वरूप गुर्जर, रामलाल गुर्जर, मनीष गुर्जर, दुर्गालाल गुर्जर, मुकेश गुर्जर, सोनू गुर्जर, रमेश गुर्जर, जुगराज गुर्जर, शंकर गुर्जर, मोहन गुर्जर, धर्मराज गुर्जर, देवा गुर्जर, रामलाल गुर्जर आदि भामाशाहों का आभार व्यक्त किया गया। ऊपरमाल बरड़ खैराड क्षैत्र गुर्जर महासभा अध्यक्ष सरपंच नेवालाल गुर्जर ने सम्मेलन आयोजन में योगदान देने वाले सभी भामाशाहों एवं समस्त समाज बंधुओं का आभार जताया।

# बाल विवाह के खिलाफ बच्चों ने ली शपथ

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान बाल विवाह एक सामाजिक बुराई और गैर कानूनी है। जो बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास में बाधा है। तथा उनके सपनो को साकार होने से रोकती हैं। बाल अधिकारो की रक्षा व जागरूकता बढानें के तहत बाल अधिकारिता विभाग एवं जिला बाल संरक्षण इकाई के सहायक निदेशक धर्मराज प्रतिहार के निर्देशानुसार महात्मा गांधी राजकीय उच्च प्रा, विद्यालय शाह जी मोहल्ला, महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पुराना भीलवाड़ा में बाल विवाह को रोकने के लिए विद्यालयों में जागरूकता गतिविधि आयोजित की गई बच्चो को बताया गया कि बाल विवाह एक अभिशाप है इसको रोकने के लिए सभी को आगे आना होगा एवं अपनी आवाज बुलंद करनी होगी। बच्चो को बाल विवाह रोकथाम के लिए शपथ दिलाई गई, गतिविधि के दौरान बच्चो को बाल विवाह बाल अधिकार एवं बालिका शिक्षा पर चर्चा की गई साथ ही बताया बाल विवाह करवाने वाले एवं शामिल होने वाले के खिलाफ



कड़ी कानूनी कार्रवाई (2वर्ष तक की जेल) हो सकती हैं। बाल विवाह एक सामाजिक कुरीति है जो बच्चों की प्रगति में बाधक हैं। इस गतिविधि में जिला बाल संरक्षण इकाई के संरक्षण अधिकारी अनुराधा तोलंबिया, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के सुपरवाइजर राधेश्याम गुर्जर, केस वर्कर शिवराज खटीक एवं सुमन साहू ने जानकारी प्रदान की एवं बताया गया कि बाल विवाह रोकथाम के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर जानकारी दी जा सकती है। जानकारी देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाता हैं। इस दौरान विद्यालय प्रधानाचार्य सुशील खावया, अध्यापक एवं बच्चो ने भाग लिया।

# छात्र समय की महत्ता को ध्यान में रखते हुए करें शिक्षा अध्ययन-कल्पना शर्मा

## माण्डलगढ़ पीएम राजकीय महाराणा स्कूल के वार्षिकोत्सव में अतिथियों ने छात्रों को दी जीवन जीने के लिए सीख





स्मार्ट हलचल | माण्डलगढ़

पीएम राजकीय महाराणा स्कूल में शुक्रवार को आयोजित वार्षिकोत्सव समारोह में स्कूल के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रस्तुतियां देकर उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सीबीईओ कल्पना शर्मा ने छात्रों को सम्बोधित करते है कहा कि छात्र समय के महत्व को ध्यान में रखते हुए उच्च शिक्षार्जन करें ताकि उनका भविष्य उज्ज्वल बन सके। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ नगर के गणमान्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद विद्यालय के संस्था प्रधान बालमुकुंद स्वर्णकार द्वारा विद्यालय की समस्त गतिविधियों एवं उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला व छात्रों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने पर जोर दिया। समारोह के बीच मे सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सिलसिला भी जारी रहा जिसमें स्कूली छात्राओं द्वारा राजस्थानी संस्कृति से जुड़े गीत पर शानदार नृत्य किया व कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं ने अलग अलग गीतों पर शानदार प्रस्तुतियां दी। दर्शकों ने तालियां बजाकर कलाकारों की हौसला अफजाई की। वार्षिकोत्सव के दौरान छात्र-छात्राओं का उत्साह देखते ही बना।

कार्यक्रम में बतौर वरिष्ठ जनप्रतिनिधि शिवकुमार त्रिपाठी, विधायक प्रतिनिधि मनोज सनाढ्य, भाजपा वरिष्ठअर्जुन ब्रमभट्ट, नगर अध्यक्ष अशोक जीनगर, नगर युमो मुकेश व्यास, सहित अन्य अतिथि मौजूद रहे । समारोह में अतिथियों ने स्कूली छात्रों के प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने छात्रों को संबोधित किया। कहा कि छात्र जीवन में लक्ष्य बनाकर की गई मेहनत से छात्र जीवन में बुलंदियों को प्राप्त करता है। समय बर्बाद करने से केवल नुकसान होता है। भविष्य की राह कठिन हो जाती है। उन्होंने छात्रों से किताबों का अध्ययन करने की अपील की। कहा कि सोशल मीडिया का प्रयोग एक हद तक ही करें। समारोह में शिक्षाविद बनवारी लाल जीनगर, रामकुवार धोबी, पार्षद अनिता सुराणा, नीलकमल पटवा, शिक्षाविद कैलाशचंद्र दरोगा, सतीश खंडेलवाल, समाजसेवी पप्पू माली सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा स्कूली छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया वहीं स्कूल के प्रतिभावान छात्रों को पुरुस्कृत कर सम्मान किया गया। समारोह का संचालन वरिष्ठ शिक्षक दिनेश सिंह शक्तावत द्वारा किया गया।

# राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का भव्य आगाज

स्मार्ट हलचल | बनेड़ा



उपखण्ड मुख्यालय स्थित राजकीय महाविद्यालय में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ हुआ ।

विशेष शिविर के प्रथम दिवस की शुरुआत प्रातः 09 बजे सरस्वती वंदना और स्वयंसेवकों के उत्साहपूर्ण संबोधन के साथ हुई। शिविर के प्रथम सत्र में स्वयंसेवकों द्वारा गोद लिए गए ग्राम मानपुरा में एक विशाल जागरूकता रैली निकाली गई। इस रैली का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में व्याप्त सामाजिक कुरीतियों के प्रति जनमानस को सचेत करना और उनके निवारण के उपाय बताना था। स्वयंसेवकों ने 'शिक्षा का उजियारा फैलाना है, कुरीतियों को मिटाना है' जैसे नारों के साथ ग्रामीणों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराया। रैली के माध्यम से बाल विवाह, नशा मुक्ति और स्वच्छता जैसे विषयों पर प्रभावी संदेश दिया गया। द्वितीय सत्र में आयोजित बौद्धिक चर्चा के दौरान स्वयंसेवकों को राज्य सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के वक्ताओं ने बताया कि किस प्रकार युवा इन योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुँचाने में एक सेतु का कार्य कर सकते हैं। स्वयंसेवकों को मुख्यमंत्री आयुष्मान योजना, पालनहार योजना और अन्य छात्रवृत्ति योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रक्रिया समझाई गई। आज के कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण माननीय मुख्यमंत्री महोदय की अध्यक्षता में आयोजित 'राज्य स्तरीय निपुण मेला' रहा।

महाविद्यालय परिसर में इस मेले की लाइव स्ट्रीमिंग की व्यवस्था की गई, जिसे महाविद्यालय के समस्त विद्यार्थियों और एनएसएस स्वयंसेवकों ने एकाग्रता के साथ देखा। इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे नवाचारों और कौशल विकास की बारीकियों को समझने का अवसर मिला। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों, प्राध्यापकों और स्वयंसेवकों द्वारा सामूहिक रूप से 'वंदेमातरम' का गान किया गया। देशभक्ति के इस स्वर ने पूरे परिसर को ऊर्जा और राष्ट्रप्रेम की भावना से सराबोर कर दिया।महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. के.एल. मीणा ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के शिविर विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने में मील का पत्थर साबित होते हैं। कार्यक्रम का सफल संचालन कार्यक्रम प्रभारी डॉ. सिद्धार्थ कुमार देसाई द्वारा किया गया। उन्होंने शिविर की आगामी रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए स्वयंसेवकों को सेवा के संकल्प के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहा।

# नामदेव दर्जी छिपा समाज ने मनाया नामदेव जयंती बसंत पंचमी महोत्सव


स्मार्ट हलचल

**बिजौलियाँ।** संत शिरोमणि श्री नामदेव जी महाराज के ज्ञानोदय दिवस बसंत पंचमी पवन महोत्सव मनाया गया अध्यक्ष अनिल टेलर ने बताया कि नामदेव दर्जी छीपा समाज ने स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया।

जिनमें संत शिरोमणि नामदेव जी महाराज की पूजा अर्चना कर महिलाओं ने नामदेव जी के कीर्तन किए प्रभाकर टैलर ने नामदेव भजनों का गायन किया वरिष्ठ जनो ने संत नामदेव जी महाराज के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला

अखिल भारतीय नामदेव टांक क्षत्रिय महासभा राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष अभिषेक सर्वा ने बताया कि बसंत पंचमी के पावन दिवस पर संत श्री नामदेव जी महाराज को अपने गुरु बिस्वा खिंचर जी से ज्ञान प्राप्त हुआ था हम नामदेव पंथी बसंत पंचमी के पावन दिवस को संत शिरोमणि नामदेव जी महाराज के ज्ञानोदय दिवस नामदेव जयंती के रूप में बनाते हैं।

बसंत महोत्सव में वशिष्ठ



अतिथि थाना अधिकारी समाज रतन स्वागत जी पांडे,विजय टेलर,सुलोचना धूमश का माला साफा साल पहनाकर कर स्वागत अभिनंदन किया गया।

थानाधिकारी स्वागत पांडे ने दर्जी छिपा समाज को एकजुट , अखंड, समाज के प्रति मित्तवयाता का भाव, रखने पर जोर दिया। बसंत पंचमी महोत्सव में ओम टेलर, कन्हैयालाल, सत्यनारायण, बब्लू थरवान,प्रेमकुमार, बाबू लाल छिपा, दुर्गा लाल छिपा, सुनील बाकलीवाल मुकेश नामा, नंदकिशोर, प्रकाश, प्रहलाद, मुकेश, जय नारायण, राहुल सहित दर्जी छीपा समाज के वरिष्ठ और प्रभुत्व्य समाज बंधु और माताओ बहनो और युवा साथी ने भाग लिया।

# श्री वैश्य चित्तौड़ा समाज ने मनाया बसंत महोत्सव

स्मार्ट हलचल | बिजोलिया

श्री वैश्य चित्तौड़ा महासभा संस्था, राजस्थान के तत्वाधान मे श्री चारभुजा जी महाराज मन्दिर डाबी मे चित्तौड़ा समाज द्वारा 23 जनवरी 2026 (शुक्रवार) को 49 वॉ बसन्त उत्सव-2026 बडे धूमधाम से मनाया गया।

जिसमे समाज की माताए/बहीनो एंव समाज बंधुओ ने शामिल होकर एक भव्य शोभा-यात्रा श्री चारभुजा जी महाराज मन्दिर डाबी मे निकाली गई,शोभा-यात्रा मार्ग को सभी जिलो द्वारा स्वागत द्वार से सजाया गया एंव शोभा-यात्रा का फूलो से स्वागत गया



गया । शोभा-यात्रा पश्चात महाआरती एंव महाप्रसादी का आयोजन किया गया ।

महासभा के सचिव मथुरेश चित्तौड़ा ने बताया की समाज बंधुओ द्वारा श्री चारभुजा जी महाराज मन्दिर, डाबी पर 49 वॉ बसन्त पंचमी पर (बसंत उत्सव-2026) मनाया गया है।

शोभा-यात्रा एंव महाप्रसादी मे राजस्थान से पधारे समाज के गणमान्य समाज बंधु एंव समाज के अध्यक्ष मुकेश चित्तौड़ा नमाना, कोषाध्यक्ष योगेश चित्तौड़ा, शिवप्रसाद चित्तौडा कोटा, एडवोकेट कैलाश चित्तौडा के.पाटन, विनोद कुमार गुप्ता बरूधन, डा.सूर्य प्रकाश कोटा, ष्ट सुमित चित्तौडा, ललित चित्तौडा कोटा, कन्हैयालाल चित्तौडा बॉरा, रितेश चित्तौडा, मदन मोहन चित्तौडा कोटा, उमाशंकर चित्तौडा बरुंधन, सुरेशचंद चित्तौडा, महेश चितौडा बिजोलियाँ समाज के महिला मंडल एंव जिलाध्यक्ष व पदाधिकारीगण, समाज बंधुओ की उपस्थित सराहनीय रही।

# रामलला महोत्सव में उमड़े हजारों महिला पुरुष व बच्चे



## व्यापार मंडल ने की भव्य आतिशबाजी

स्मार्ट हलचल

**रायपुर।** हनुमान चालीसा मंडल द्वारा बस स्टैंड परिसर में रामलला की द्वितीय वर्षगांठ को लेकर पांच संगीतमय हनुमान चालीसा पाठ किए गए। कार्यक्रम आयोजक व्यापार मंडल ने समस्त हनुमान चालीसा मंडल के एवं चारभुजा मानस मंडल के सदस्यों का स्वागत अभिनंदन किया। श्री रामलला दरबार की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं तिलक के साथ महाआरती की गई। अंत में समस्त भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। हजारों की संख्या में महिला पुरुषों ने भाग लेकर राम आएंगे ....।भजन पर सामूहिक नृत्य किया। संत मदन मोहन दास महाराज, भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉक्टर मीरा किराड, भाजपा महामंत्री गौरव कोठारी, भारत विकास परिषद के संरक्षक सुभाष चंद्र झंवर,हनुमान चालीसा मंडल संरक्षक शिवनारायण सेन, हनुमान चालीसा मंडल प्रभारी रमेश चंद्र वैष्णव, अध्यक्ष अनिल दाधीच, चंद्रशेखर देशांतरी,सुरेंद्र सिंह तॅवर, पंकज छिपा, राधेश्याम, अजय सोनी, नवरत्न सुथार, व्यापार मंडल के राजकुमार वैष्णव, दिनेश माली, दिनेश लाड, भारत सेन, चंद्रशेखर सेन, दिनेश सेन, प्रकाश वैष्णव, कन्हैयालाल माली, गोपाल माली सहित बड़ी संख्या में व्यापार मंडल के सदस्य एवं ग्राम के समस्त महिला पुरुष बच्चे उपस्थित थे। व्यापार मंडल द्वारा भव्य आतिशबाजी की गई।

# राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर, मेगा पीटीएम और श्री कृष्ण भोग का आयोजन

स्मार्ट हलचल

**लाडपुरा।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर, मेगा पीटीएम और श्री कृष्ण भोग का आयोजन किया गया। बसंत पंचमी के अवसर पर विद्यालय में मेगा पीटीएम का आयोजन किया गया है। इस दौरान छात्रों को श्री कृष्ण भोग भी परोसा गया। मेगा पीटीएम का उद्देश्य छात्रों की शैक्षणिक स्थिति पर चर्चा करना और अभिभावकों के साथ संवाद बढ़ाया है। इस आयोजन में विद्यालय के संस्था प्रधान श्री हेमेंद्र सिंह, पायल गर्ग, शशिकला माली, रामचरण मीणा, पप्पू लाल मीणा, महेंद्र सिंह चौहान, आदि सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।



# धूमधाम से संपन्न हुआ सेन समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन, 49 नवयुगलों ने शुरू किया दांपत्य जीवन

## समाज के सामूहिक सम्मेलन में उमड़ा जनसैलाब

स्मार्ट हलचल | हरनी महादेव

**भीलवाड़ा।** भीलवाड़ा के हरनी महादेव मेला ग्राउंड में सेन समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति द्वारा 9वां सामूहिक विवाह सम्मेलन 23 जनवरी शुक्रवार (बसंत पंचमी) के शुभ अवसर पर आयोजित किया गया सेन समाज सामूहिक विवाह समिति अध्यक्ष दुर्गा लाल सेन मांडल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस सम्मेलन में सेन समाज के कुल 49 नवयुगलों ने एक साथ सात फेरे लेकर अपने गृहस्थ जीवन की शुरुआत की आयोजन में राजस्थान के विभिन्न जिलों सहित आसपास के क्षेत्रों से हजारों की संख्या में समाज बंधुओं ने भाग लिया समिति के पूर्व अध्यक्ष भगत सेन ने बताया कि इस आयोजन में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, मांडल विधायक उदय लाल भड़ाना, भीलवाड़ा शहर विधायक अशोक कोठारी, कोटड़ी भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रहलाद सेन, गोपाल तेली और मनोज बुलानी (अतिथि के रूप में) सम्मिलित हुए समिति के कार्यकारीअध्यक्ष रतन सेन भादू ने कार्यक्रम की जानकारी विस्तार से देते हुए बताया कि इस सामूहिक विवाह सम्मेलन में प्रदेश के 4 अलग-अलग जिलों से सर्वजातीय जोड़े परिणय सूत्र में



बंधने के लिए पहुंचे। इस मांगलिक अवसर पर भव्य आयोजन किया गया, जिसमें सबसे पहले भगवान ठाकुर जी की गाजे-बाजे के साथ बारात निकाली गई।

इस बारात में समिति के सभी सदस्य और पदाधिकारी उत्साहपूर्वक नाचते-गाते हुए आयोजन स्थल (पंडाल) पहुंचे पाणिग्रहण संस्कार आचार्य मुरलीधर पंचोली के नेतृत्व में 42 विद्वान पंडितों की टीम द्वारा पूर्ण विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सभी जोड़ों का पाणिग्रहण संस्कार संपन्न कराया गया धार्मिक मर्यादाओं का पालन करते हुए मंत्रों की गूँज के बीच नव-दम्पत्तियों ने एक-दूसरे का हाथ थामा और अपने नए जीवन की शुरुआत की समिति सचिव बाबू लाल सेन ने समाज से पधारे अतिथि मुख्तियार सिंह सेन, सौभाग जी वरिष्ठ पत्रकार सेन विकास, कंचन सेन पुष्कर, राष्ट्रीय अध्यक्ष मातृशक्ति लाखन सेन, अध्यक्ष चारों पट्टी आम मेवाड़ देवगढ़ देवकिशन सेन, त्रिवेणी नारायणी माता मंदिर धन्ना सेन, सियाल नारायणी माता मंदिर सत्यनारायण सेन, महासचिव राष्ट्रीय नाई महासभा, जानकी लाल सेन, नगर मंडल अध्यक्ष देवगढ़, हरीश सेन गेगास जातला माता भादू, विनय सेन मंदारिया, सोहनलाल सेन भानुजा, गोविंद सेन प्रोफेसर, ओम प्रकाश सेन उदयपुर, सोनू सेन गोरधा, दिनेश सेन कांदा, शंकर सेन, गोपाल सेन गुंदली, गोपाल सेन लेस्वा, शांति लाल सेन मावली, उदय लाल सेन करसाना, लादू लाल सेन लुहारिया, गोपाल सेन चित्तौड़गढ़, नंदलाल सेन मांडलगढ़, प्रकाश सेन लखोला, पहलाद सेन सिद्धेश्वर, अनिल सेन आगरिया, नारायण सेन आरणी, महावीर सेन शाहपुरा रमेश सेन गंगरार,संपूर्ण मंच संचालन,प्रभावी उद्घोषणा एवं अपनी सुमधुर आवाज से उत्कृष्ट आयोजन व्यवस्था नरेश सईंवाल (हमीरगढ़) द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न की गई सुरेश सेन कटार द्वारा सभी मेहमानों का भामाशाहों का आभार धन्यवाद व्यक्त किया गया इस आयोजन की सफलता के लिए समिति सदस्यों सहित कई नाम है जिनको अंकित करना असंभव है जिनके सहयोग से ये विशाल सामूहिक विवाह सम्मलेन सम्पन्न हुआ।

# तहसीलदार कार्यालय का हुआ उद्घाटन, जनसेवा को मिलेगी गति

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** माननीय विधायक शंकर सिंह जी रावत एवं जिला कलेक्टर कमल राम मीना द्वारा तहसीलदार ब्यावर के नवीन कायाकल्पित कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया गया।

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर ब्रह्मलाल जाट एवं उपखंड अधिकारी श्री दिव्यांश सिंह जी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान माननीय विधायक एवं जिला कलेक्टर ने तहसील कार्यालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने राज्य सरकार की मंशा एवं जनभावनाओं के अनुरूप त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने का भी संकल्प लिया।

# लाडपुरा में भगवान श्री देवनारायण के 1114वें अवतरण दिवस पर उमड़ा भक्ति का सैलाब

## भव्य शोभायात्रा में आकर्षण का केंद्र रहे नृत्य करते घोड़े

स्मार्ट हलचल

**लाडपुरा।** कोटा-चित्तौड़ राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बिहारी नाथ देवनारायण मंदिर (बनी) में शुक्रवार को भगवान श्री देवनारायण जी का 1114वां अवतरण दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर कस्बे में विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। चारों ओर भगवान देवनारायण के जयकारों से वातावरण धर्ममय हो गया।



### भव्य शोभायात्रा और मुख्य मार्ग

शोभायात्रा का शुभारंभ प्रातः 11:00 बजे देवनारायण मंदिर परिसर से विधि-विधान के साथ हुआ।

यह यात्रा लाडपुरा चौराहा, माली मोहल्ला, चार भुजा मंदिर चौक, छोटा मंदिर, बालाजी मंदिर और लाडपुरा बस स्टैंड सहित कस्बे के विभिन्न मुख्य मार्गों से गुजरी।

मार्ग में जगह-जगह ग्रामीणों और श्रद्धालुओं ने भगवान की आरती उतारी और पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। यात्रा के पुनः मंदिर परिसर पहुँचने पर महाआरती का आयोजन किया गया।



### सफेद घोड़ों का नृत्य रहा मुख्य आकर्षण

इस वर्ष शोभायात्रा में दो सफेद घोड़ों का नृत्य विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। ढोल-नगाड़ों की थाप पर घोड़ों द्वारा दी गई शानदार प्रस्तुति ने मौजूद जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

### भजन संध्या में झूमे श्रद्धालु

अवतरण दिवस की पूर्व संध्या पर मंदिर परिसर में विशाल जागरण एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। इसमें प्रसिद्ध कलाकार सुश्री दुर्गा मीणा (मंडल) एवं बगड़ावत कथा मंडल के कलाकारों ने भगवान देवनारायण और बगड़ावत गाथा के मधुर भजनों की प्रस्तुतियां दीं। देर रात तक चली इस भजन संध्या में भक्त भक्ति रस में सराबोर होकर झूमते नजर आए।

### आज होगा 3 क्विंटल महाप्रसादी का वितरण

उत्सव के समापन कड़ी में 24 जनवरी शनिवार को विशेष धार्मिक आयोजन होंगे। दोपहर 3:00 बजे भगवान को 3 क्विंटल चावल और दाल से तैयार महाप्रसादी का भोग लगाया जाएगा। इसके पश्चात यह महाप्रसाद सभी भक्तजनों और ग्रामीणों में वितरित किया जाएगा।

# बहुचर्चित एडवोकेट पर जानलेवा हमले के मामले में बानसेन सरपंच को न्यायालय ने बनाया मुख्य आरोपी

स्मार्ट हलचल



**चित्तौड़गढ़।** बहुचर्चित जानलेवा हमला प्रकरण में बार संघ अध्यक्ष एडवोकेट उमेश आगार पर 26 मार्च 2021 को न्यायालय मण्डफिया कोर्ट के बाहर किये गये प्राण घातक हमले के मामले में दर्ज प्रकरण 108/ 2021 में पूर्व में थाना मण्डफिया व बाद में अनुसंधान अधिकारी उप अधीक्षक चित्तौड़गढ़ लाभुराम विश्नोई ने मुख्य अभियुक्त व एफआईआर में नामजद षडयन्त्रकर्ता सरपंच (प्रशासक) को अभियुक्त होने के बावजूद राजनितिक संरक्षण से उसका नाम आरोपी से हटाकर अन्य तीन मुल्जिमानों के विरूद्ध न्यायालय में चालान पेश कर दिया जिस पर परिवादी उमेश आगाल ने अपने अधिवक्ता मदन खटीक के माध्यम से दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 319 के तहत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर मुख्य आरोपी कन्हैयादास वैष्णव को आरोपी बनाने का माननीय न्यायालय में प्रार्थना पत्र पेश किया जिस पर माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट मण्डफिया विकास अग्रावत ने दिनांक 14 जनवरी 2026 को दिये गये महत्वपूर्ण निर्णय में बानसेन के तत्कालीन सरपंच कन्हैयादास वैष्णव उर्फ कानजी पुत्र मांगीदास वैष्णव बानसेन के विरूद्ध अपराध अंतर्गत धारा 323, 341, 325 व 120 (बी) भारतीय दण्ड संहिता 1860 के तहत प्रसंज्ञान लिया व अभियुक्त कन्हैयादास वैष्णव को जरिये सम्मन न्यायालय द्वारा तलब किये जाने आदेश प्रदान किये।

# एसटीएफ के साथ मिल दबोचा शातिर विपिन टेड़ी

स्मार्ट हलचल

**कानपुर।** पीड़ितों की हर संभव सहायता के साथ ही अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई में भी अग्रणी बर्रा पुलिस की निरंतर सक्रियता ने बरदान गैलेक्सी में फायरिंग में वांछित अभियुक्त 50,000/- रूपये का इनामिया को एस टी एफ के साथ मिलकर गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त कर ली। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए साथी अपराधी पर बर्रा समेत विभिन्न थानों में संगीन धाराओं के 16 से अधिक मुकदमे भी दर्ज हैं।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक अपराधियों के खिलाफ पुलिस को मिली यह महत्वपूर्ण सफलता पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल द्वारा चलाये जा रहे अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध अभियान के क्रम में दक्षिण के पुलिस उपायुक्त दीपेंद्र नाथ चौधरी, अपर पुलिस उपायुक्त एवं नौबस्ता के सहायक पुलिस आयुक्त चित्रांसू गौतम के निर्देशन में कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ सक्रियता और तत्परता का परिणाम है ,जिसमें अग्रणी बर्रा के प्रभारी इंस्पेक्टर रवीन्द्र श्रीवास्तव के नेतृत्व वाली तेज तर्रार टीम में शामिल बर्रा के चौकी इंचार्ज विकास शर्मा, सब इंस्पेक्टर अंकुर विहान,



संदीप कुमार सेन, प्रियांशु शुक्ला, विकास सिंह तथा एस टी एफ के प्रभारी सब इंस्पेक्टर राहुल परमार के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल पुष्पेन्द्र सोलंकी, अरविन्व सिंह, अशोक राजपूत, चन्द्र प्रकाश, कांस्टेबल सत्यम यादव और चालक धर्मेन्द्र की टीम ने मुखबिर की सटीक सूचना पर कई संगीन धाराओं के संबंधित मुकदमे में थाना बर्रा से काफी समय से वांछित चल रहे 50 हजार के इनामियां अभियुक्त विपिन ठाकुर उर्फ विपिन टेड़ी पुत्र बीरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम बाघ थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात हाल पता एफ ब्लाक 826 बर्रा 8 माली बाली गली थाना गुजैनी को सिद्धी विनायक गेस्ट हाउस अर्रा थाना क्षेत्र हनुमन्त बिहार से गिरफ्तार करने जैसी में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की। इस गिरफ्तार शातिर विपिन ठाकुर उर्फ विपिन टेड़ी के विरूद्ध जनपद के अन्य थानों में भी 16 मुकदमें दर्ज है। अब पुलिस उसके फरार साथियों की भी तलाश कर रही है।

# वसंत पंचमी पर करोड़ों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

## प्रयागराज माघ मेले में टूटा महाकुंभ का रिकॉर्ड...

स्मार्ट हलचल

**प्रयागराज।** वसंत पंचमी के पावन अवसर पर शुक्रवार को संगम की रेती आस्था के सागर में बदल गई, जब माघ मेले में श्रद्धालुओं की ऐतिहासिक भीड़ उमड़ पड़ी और महाकुंभ का रिकॉर्ड भी टूट गया। प्रशासन के अनुसार रात आठ बजे तक संगम सहित गंगा और यमुना के विभिन्न घाटों पर 3.56 करोड़ श्रद्धालुओं ने पुण्य की डुबकी लगाई, जबकि पिछले महाकुंभ में वसंत पंचमी पर यह संख्या 2.57 करोड़ रही थी। माघ शुक्ल पंचमी तिथि गुरुवार रात से लगने के कारण स्नान का क्रम भोर से ही शुरू हो गया, जो देर रात तक लगातार चलता रहा। संगम नोज से लेकर वीआईपी घाट, दशाश्वमेध, झूंसी, अरैल और फाफामऊ तक श्रद्धालुओं का सैलाब दिखा। संत, महात्मा, कल्पवासी, बुजुर्ग, महिलाएं और युवा सभी एक ही भाव में संगम स्नान करते नजर आए। गोरखपुर से 105 वर्षीय बसंती देवी को परिजन संगम स्नान के लिए लेकर पहुंचे, तो कई श्रद्धालुओं ने मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या और वसंत पंचमी के तीन प्रमुख स्नानों का संकल्प पूरा किया। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने सूर्य को अर्घ्य दिया, दीपदान किया, तिलक-चंदन लगवाया और



दान-दक्षिणा का संकल्प लिया। अक्षयवट और लेटे हनुमान मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए भी भारी भीड़ उमड़ी और जयकारों से पूरा मेला क्षेत्र भक्तिमय बना रहा। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन ने गंगा के दोनों किनारों पर बैरिकेडिंग कर स्नान क्षेत्र का विस्तार किया, आरएएफ, पीएसी और जल पुलिस की तैनाती की गई, जबकि नावों और स्टीमर पर गोताखोर लगातार निगरानी करते रहे। संगम नोज पर पूरे दिन सबसे अधिक दबाव बना रहा, वहीं श्रद्धालु घाटों के पास बैठकर घर से लाया प्रसाद ग्रहण करते दिखे। उधर, रिकॉर्ड भीड़ का असर शहर की यातायात व्यवस्था पर भी पड़ा। रूट डायवर्जन और नया यमुना पुल बंद होने के कारण पुराने शहर में जाम की स्थिति बन गई। रामबाग, चौक, जानसेनगंज और मुट्ठीगंज जैसे इलाकों में वाहन रेंगते रहे और कुछ मिनट की दूरी तय करने में घंटों लग गए। हालांकि यातायात पुलिस ने मौके पर मोर्चा संभालकर देर शाम तक स्थिति को नियंत्रित किया। स्नान पर्व के दौरान मंडलायुक्त, डीएम, मेलाधिकारी और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी लगातार भ्रमणशील रहे। वसंत पंचमी पर संगम में उमड़ी यह ऐतिहासिक भीड़ माघ मेले के इतिहास में दर्ज हो गई और एक बार फिर यह साबित हो गया कि संगम की आस्था के आगे हर रिकॉर्ड छोटा पड़ जाता है।

# यात्रियो की सुविधा हेतु रेल सेवाओं का मारवाड़ मूंडवा व नावां सिटी स्टेशनों पर ठहराव

स्मार्ट हलचल

**मेड़ता रोड।** रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु बाडमेर-ऋषिकेश -बाडमेर प्रतिदिन रेलसेवा का मारवाड़ मूंडवा जोधपुर-दिल्ली-जोधपुर प्रतिदिन रेलसेवा नावां सिटी स्टेशन पर प्रायोगिक आधार पर आगामी आदेषों तक ठहराव दिया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री शशि किरण के अनुसार गाडी संख्या 14888, बाडमेर-ऋषिकेश प्रतिदिन रेलसेवा दिनांक 25.01.26 से मारवाड़ मूंडवा स्टेशन पर 13.48 बजे आगमन व 13.50 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 14887, ऋषिकेश-बाडमेर प्रतिदिन रेलसेवा दिनांक 26.01.26 से मारवाड़ मूंडवा स्टेशन पर 12.40 बजे आगमन व 12.42 बजे प्रस्थान करेगी।गाडी संख्या 22996, जोधपुर-दिल्ली प्रतिदिन रेलसेवा दिनांक 25.01.26 से नावां सिटी स्टेशन पर 23.30 बजे आगमन व 23.32 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 22995, दिल्ली-जोधपुर प्रतिदिन रेलसेवा दिनांक 26.01.26 से नावां सिटी स्टेशन पर 04.06 बजे आगमन व 04.08 बजे प्रस्थान करेगी।

# निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण हो, क्वालिटी से कोई समझौता नहीं किया जाएः माथुर

## यूआईटी के एडिशनल चीफ इंजीनियर माथुर ने संभाली कुर्सी, सभी बड़े प्रोजेक्ट की प्रगति की ली जानकारी

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** नगर विकास न्यास के एडिशनल चीफ इंजीनियर संजय माथुर ने आज कार्यभार संभाल लिया। उन्होंने सभी इंजीनियर्स से राज्य सरकार की बजट घोषणा वाले एवं यूआईटी के सभी बड़े प्रोजेक्ट की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने इंजीनियर्स से कहा कि सभी प्रोजेक्ट व निर्माण कार्य समय पर पूरे हो ताकि जनता को इनका लाभ मिल सके। सभी निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण हो, इसका ध्यान रखा जाए। क्वालिटी



से कोई समझौता नहीं किया जाए। इससे पूर्व, एडिशनल चीफ इंजीनियर संजय माथुर के कार्यभार ग्रहण करने पर अधीक्षण अभियंता ऋषिकेश मीणा, एक्सईएन, एईएन सहित सभी इंजीनियर्स ने उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया।

# जनता बनी पुलिस की 'आंख और कान': राजस्थान में 2.45 लाख कम्युनिटी वॉलिंटियर्स संभाल रहे सुरक्षा का मोर्चा

स्मार्ट हलचल | जयपुर

अपराध मुक्त राजस्थान के संकल्प को साकार करने के लिए राजस्थान पुलिस अब केवल लाठी और बंदूक के भरोसे नहीं, बल्कि जन-जन के सहयोग से आगे बढ़ रही है। महानिदेशक पुलिस श्री राजीव कुमार शर्मा के निर्देशन में पुलिस मुख्यालय की कम्यूनिटी पुलिसिंग शाखा ने समाज के विभिन्न वर्गों को पुलिस के साथ जोड़कर एक अभेद्य सुरक्षा चक्र तैयार किया है। वर्तमान में राज्य में सीएलजी मेंबर, पुलिस मित्र, ग्राम रक्षक, स्टूडेंट पुलिस कैडेट और सुरक्षा सखियों के रूप में करीब 2.45 लाख वॉलिंटियर्स पुलिस के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रहे हैं।

### सी.एल.जी.: पुलिस को जनमित्र बनाने की सबसे मजबूत कड़ी

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (

सिविल राइट्स, मानव अधिकार एवं कम्युनिटी पुलिसिंग श्रीमती लता मनोज कुमार ने बताया कि राजस्थान पुलिस अधिनियम 2007 के तहत गठित सामुदायिक सम्पर्क समूह (सी.एल.जी.) आज पुलिस और जनता के बीच सकारात्मक संवाद का सबसे बड़ा मंच बन चुका है। राज्य में जिला, थाना और वार्ड स्तर पर कुल 82,065 सी.एल.जी. सदस्य सक्रिय हैं। दिसंबर 2025 तक पुलिस ने इन सदस्यों के साथ 29,158 बैठकें आयोजित कर स्थानीय समस्याओं का समाधान किया है। ईद की नमाज हो या होली-दिवाली के मेले, ये सदस्य सौहार्द बनाए रखने में पुलिस के मार्गदर्शक की भूमिका निभा रहे हैं।

### पुलिस मित्र और ग्राम रक्षक: संकट के साथी और ग्रामीण प्रहरी

पुलिस मित्र योजना ने पुलिस के प्रति आमजन का नजरिया बदला है। प्रदेश में 40,867 पुलिस मित्र अपनी स्वेच्छा से यातायात संचालन, नाकाबंदी और सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को गोल्डन ऑवर में अस्पताल पहुँचाकर उनकी जान बचा रहे हैं। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्रों में अपराधों पर लगाम लगाने के लिए 24,443 ग्राम रक्षकों को सूचीबद्ध किया गया है। ये रक्षक ग्रामीण इलाकों में रात्रि गश्त और सूचना संकलन के जरिए पुलिस के सूचना तंत्र को मजबूत कर रहे हैं।

### सुरक्षा सखी और कालिका यूनिट: महिलाओं के लिए सुरक्षा की नई ढाल

महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए राजस्थान पुलिस ने सुरक्षा सखी के रूप में क्रांतिकारी पहल की है। वर्तमान में 21,953 महिलाएं सुरक्षा सखी के रूप में पुलिस और पीड़ित के बीच सेतु का कार्य कर रही हैं। इसके साथ ही, सार्वजनिक स्थानों पर छेड़छाड़ रोकने के लिए राज्य में 500 कालिका पेट्रोलिंग यूनिट्स का गठन किया गया है। यह संवेदनशील पहल न केवल अपराधों पर अंकुश लगा रही है, बल्कि समाज में निर्भीक नारी की संकल्पना को साकार कर रही है।

### सशक्त बेटियां और अनुशासित युवा:

एडीजी श्रीमती लता मनोज कुमार ने बताया कि महिलाओं को शारीरिक रूप से सशक्त बनाने हेतु महिला शक्ति आत्मरक्षा प्रशिक्षण के तहत दिसंबर 2025 तक रिकॉर्ड 14,83,030 महिलाओं व बालिकाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है। वहीं भावी पीढ़ी में नैतिक मूल्यों के विकास हेतु स्टूडेन्ट पुलिस कैडेट योजना के तहत वर्तमान सत्र 2025-26 में 75,571 विद्यार्थी (927 राजकीय एवं 78 केन्द्रीय विद्यालयों से) प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, जो भविष्य के जिम्मेदार नागरिक बन रहे हैं।

### एएसपी सुनीता मीना का विजन: पुलिसिंग में जन-भागीदारी ही असली ताकत

कम्युनिटी पुलिसिंग के बढ़ते प्रभाव और इसकी सफलता पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती सुनीता मीना ने विशेष जोर दिया है। उन्होंने कहा कि पुलिस और जनता के बीच की दूरी को कम करना ही इस शाखा का मुख्य ध्येय है। एएसपी मीना के अनुसार जब एक आम नागरिक, महिला या युवा सुरक्षा सखी या पुलिस मित्र के रूप में विभाग से जुड़ता है, तो वह केवल एक वॉलंटियर नहीं बल्कि खाकी का मददगार चेहरा बन जाता है।

उनके नेतृत्व में प्रदेश भर में आयोजित 26,129 पुलिस जन-सहभागिता कार्यक्रमों के जरिए अब तक 8,73,259 लोगों से सीधा संवाद स्थापित किया गया है। श्रीमती मीना ने बताया कि यह पहल साबित करती है कि जब पुलिस और जनता के बीच विश्वास का रिश्ता बनता है, तो कानून-व्यवस्था बनाए रखना आसान हो जाता है और सामाजिक समरसता बढ़ती है।

# लुहारिया के विद्यालयों में मनाया मेघा पीटीएम व बसंत पंचमी महोत्सव मनाया



स्मार्ट हलचल

**लुहारिया।** मांडल उपखंड की लुहारिया पंचायत के सभी विद्यालयों में मेघा क्कंरू बसंत पंचमी महोत्सव व नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जयंती एवं बच्चों के लिए कृष्ण भोग का आयोजन किया गया।

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय से वरिष्ठ अध्यापक राधेश्याम डाकौत ने बताया कि वह इआज शुक्रवार को सभी विद्यालयों में मेघा क्कंरू मां सरस्वती की पूजा, एवं नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जयंती एवं विद्यालयों में बच्चों के लिए कृष्ण भोग का आयोजन किया गया।इस अवसर विद्यालय स्टाफ व विधायक प्रतिनिधि मुकेश गाडरी, शिव लाल जोशी निपुण मेले में मौजूद रहे।

# मालासेरी डूंगरी में भगवान श्री देवनारायण जी का दिव्य जलाभिषेक

## वसंत पंचमी पर सरस्वती व हयग्रीव हवन संपन्न



स्मार्ट हलचल | मोड़ का निंबाहेड़ा

भगवान श्री देवनारायण जी की जन्मभूमि एवं विश्व विख्यात तीर्थ स्थल मालासेरी डूंगरी में उनके 1114वें अवतरण महोत्सव के उपलक्ष में आयोजित साप्ताहिक विष्णु महायज्ञ के अंतर्गत वसंत पंचमी के पावन अवसर पर भव्य धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ किया गया।

इस अवसर पर भगवान श्री देवनारायण जी का 9 पवित्र नदियों एवं 7 समुद्रों के जल से विधिवत जलाभिषेक किया गया। इस दुर्लभ अनुष्ठान के दर्शन हेतु दूर-दराज़ से बड़ी संख्या में देवभक्त मालासेरी डूंगरी पहुंचे। जलाभिषेक के दौरान संपूर्ण तीर्थ स्थल 'देवनारायण भगवान की जय' के जयघोष से गूंज उठा और वातावरण भक्तिमय बन गया।

वसंत पंचमी पर मां सरस्वती, गुरु परंपरा एवं हयग्रीव देव के सम्मान में विशेष हवन आयोजित किया गया, जिसमें विद्या, विवेक एवं सद्बुद्धि की कामना की गई। विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार से संपूर्ण परिसर सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण हो उठा।

मालासेरी डूंगरी देवनारायण मंदिर के पुजारी हेमराज पोसवाल ने बताया कि साप्ताहिक कार्यक्रमों के तहत यज्ञ, प्रवचन, भजन-कीर्तन एवं धार्मिक अनुष्ठान निरंतर जारी हैं, जिनका लाभ उठाने के लिए राज-स्थान सहित विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

उन्होंने बताया कि 24 जनवरी 2026 की रात्रि में भव्य जागरण आयोजित किया जाएगा, जिसमें नावेरियों द्वारा देव स्तुति की जाएगी। वहीं 25 जनवरी को प्रातः 4 बजे भगवान श्री देवनारायण जी के 1114वें अवतरण महोत्सव पर 1114 दीप प्रज्वलित कर कमल पुष्पों से सजावट कर झूला झुलाकर महाआरती का आयोजन किया जाएगा, जिसमें हजारों भक्तों के शामिल होने की संभावना है। इन दिनों मालासेरी डूंगरी श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का प्रमुख केंद्र बना हुआ है।

# ओबीसी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष कुमावत का भव्य स्वागत किया



स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

नवनियुक्त भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. महेन्द्र कुमावत के पहली बार भीलवाड़ा जिले में गुलाबपुरा पहुंचने पर भारतीय संस्कृति एवम परम्परा के अनुसार पारीक रिसोर्ट 29 मिल गुलाबपुरा पर भीलवाड़ा ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष भगवत सिंह राठौड़ एवं गुलाबपुरा नगर अध्यक्ष इंद्रसिंह राठौड़ के नेतृत्व में माला दुपट्टा एवम साफा पहनाकर स्वागत किया गया। प्रदेशाध्यक्ष कुमावत ने लोकप्रिय प्रधानमंत्री मोदी एवम मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन- जन तक पहुँचाने एवम स्थानीय चुनाव में एकजुट होकर भाजपा की सरकार बनाने का आग्रह किया।

भाजपा जिला मीडिया संयोजक महावीर समदानी ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वागत कार्यक्रम में ओबीसी जिला महामंत्री सज्जन सुथार, रवि पूरी ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष जगदीश जाट, जिला मंत्री महेंद्र सिंह चुंडावत , रतन लाल आचार्य, चुन्नीलाल कुमावत, देवीलाल कुमावत, श्याम कुमावत, रामदेव जाट, गुलाबपुरा नगर उपाध्यक्ष विकास आचार्य ,पार्षद प्रतिनिधि कृष्णगोपाल त्रिपाठी,पार्षद रोहित चौधरी, पिंटू वैष्णव,भरत व्यास,विनीत शर्मा ,बंसीलाल सोनावा, राजू रामदेव बैरवा, उपस्तिथ रहे। जिला मंत्री महेन्द्र सिंह चुंडावत ने सभी का धन्यवाद आभार व्यक्त किया।

# राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा बनेड़ा द्वारा कर्तव्य बोध दिवस का किया आयोजन

स्मार्ट हलचल | बनेड़ा

राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय की उपशाखा के कर्तव्य बोध पखवाड़े का आयोजन राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय जिला अध्यक्ष महेश कुमार शर्मा की अध्यक्षता में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बालेसरिया में हुआ।.

जिला अध्यक्ष महेश कुमार ने बताया कि कर्तव्य बोध पखवाड़ा दिवस शिक्षकों को अपने अधिकारों के साथ कर्तव्य का भी बोध करवाता है। शिक्षा की गुणवत्ता, नैतिक मूल्य और अनुशासन की नींव शिक्षक के कंधो पर टिकी हुई है।

मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक कैलाश सुथार ने कहा कि शिक्षक का मुख्य कर्तव्य केवल शिक्षण नहीं बल्कि छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहयोग करना भी है, उन्होंने शिक्षकों को अपने कर्तव्य का बोध रखने की अपील की कार्यक्रम के मुख्य वक्ता शिक्षाविद् प्रधानाचार्य सुशील छापरवाल ने कहा स्वामी विवेकानंद जैसे महापुरुषों की तरह जीवन में अपने कर्तव्यों का पूरी



ईमानदारी और निष्ठा के साथ कार्य करते हुए सभी शिक्षक राष्ट्र के निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभाए उन्होंने बताया कि स्वामी विवेकानंद जयंती 12 जनवरी से सुभाष चंद्र बोस जयंती 23 जनवरी तक राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय द्वारा प्रत्येक उप शाखा पर कर्तव्य बोध पखवाड़ा मनाया जाता है। उपशाखा शाहपुरा अध्यक्ष अमर सिंह चौहान ने बताया कि शिक्षक संघ राष्ट्रीय का ध्येय राष्ट्रहित में शिक्षा, शिक्षा हित में शिक्षक, शिक्षक हित में समाज है 7जिला सह संगठन मंत्री सीताराम चौधरी ने कार्यक्रम का संचालन किया व शिक्षकों को संगठन की विचारधारा से अवगत कराया । कार्यक्रम में प्रधानाचार्य प्रवीण शर्मा, प्रधानाचार्य अनिल कुमार, सतीश कुमार व्यास, अमरचंद तेली ,जितेंद्र पालीवाल राजेश शर्मा, विकास अरविंद, सुनील कुमार, दिनेश राकां, महिला प्रतिनिधि मिथिलेश ओझा, आशा तोलंबिया, अनामिका कंवर, ललिता व्यास मंजू पारीक सहितकई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कोटा विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शिक्षा और राष्ट्र निर्माण का संदेश

# रटंत नहीं, सोचने वाली शिक्षा से बनेगा सशक्त भारत : राज्यपाल

### बसंत पंचमी पर कोटा विश्वविद्यालय का दीक्षांत, ज्ञान को मिला सम्मान

स्मार्ट हलचल|कोटा

शिक्षा को राष्ट्र निर्माण की आधारशिला बताते हुए राजस्थान के राज्यपाल एवं कोटा विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री हरिभाऊ बागड़े ने कहा कि वही शिक्षा सार्थक है, जो रटंत प्रणाली से ऊपर उठकर विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता, विवेक और सृजनशीलता का विकास करे। वे शुक्रवार को सीआईएएम ऑडिटोरियम में आयोजित कोटा विश्वविद्यालय के 12वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे।

राज्यपाल ने स्वर्ण पदक एवं उपाधि प्राप्त करने वाले दीक्षार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारतीय प्रतिभा की विश्वभर में सराहना हो रही है। आज प्राप्त उपाधियां केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं हैं, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व का प्रतीक हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने ज्ञान और कौशल का उपयोग देश को सशक्त बनाने में करें। उन्होंने कहा कि जिस समाज में शिक्षा का विस्तार होता है, वही समाज प्रगति के पथ पर अग्रसर होता है। यह गौरव का विषय है कि यह दीक्षांत समारोह बसंत पंचमी, विद्या की देवी मां सरस्वती के प्राकट्य दिवस पर आयोजित हुआ। यह पर्व जीवन में नवचेतना, सृजनात्मक ऊर्जा और सकारात्मक दृष्टिकोण का संचार करता है।

शिक्षा का लक्ष्य व्यक्तित्व निर्माण

राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल सूचना प्रदान करना नहीं, बल्कि व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करना है। विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ जीवन मूल्यों, नैतिकता और सामाजिक जिम्मेदारी की शिक्षा भी मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति-2020 इसी सोच पर आधारित है, जिसमें कौशल, नवाचार, शोध और चरित्र निर्माण को समान महत्व दिया गया है। उन्होंने विश्वविद्यालयों के शिक्षकों से आग्रह किया कि वे स्वयं को निरंतर अद्यतन रखें, वैश्विक परिवर्तनों को समझें और विद्यार्थियों को आधुनिक ज्ञान से लाभान्वित करें। शिक्षण प्रक्रिया में संवाद, फीडबैक प्रणाली और शोध को प्रोत्साहन देने की आवश्यकता बताते हुए उन्होंने कहा कि इससे विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और नवाचार की भावना विकसित होती है।

#### नेताजी को नमन

राज्यपाल ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 130वीं जयंती पर उन्हें नमन करते हुए कहा कि नेताजी का जीवन राष्ट्रभक्ति, त्याग और आत्मबल का प्रतीक है। उनके विचार आज भी युवाओं को प्रेरणा देते हैं।



#### रोजगार सृजन की अपील

समारोह के मुख्य अतिथि ऊर्जा मंत्री श्री हीरालाल नागर ने कहा कि दीक्षांत केवल प्रमाण-पत्र प्राप्त करने का अवसर नहीं, बल्कि समाज के प्रति नई जिम्मेदारी स्वीकार करने का क्षण है। उन्होंने युवाओं से नौकरी मांगने के बजाय रोजगार देने वाला बनने का आह्वान किया तथा स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि राष्ट्र प्रथम की भावना से कार्य करते हुए युवा भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने भारत की प्राचीन शिक्षा परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि नालंदा और तक्षशिला जैसे विश्वविद्यालय विश्वभर में ज्ञान के केंद्र रहे हैं। उन्होंने सभी कुलगुरुओं से विश्वविद्यालयों को आधुनिक गुरुकुल के रूप में विकसित करने का आग्रह किया।

विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. बी.पी. सारस्वत ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि विश्वविद्यालय में नई शिक्षा नीति-2020 को पूर्ण रूप से लागू किया जा चुका है। वर्तमान में 44 पाठ्यक्रम संचालित हैं तथा 239 संबद्ध महाविद्यालयों में 2.70 लाख से अधिक विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। उन्होंने बताया कि डिजिटल पुस्तकालय, स्वचालित पुस्तक वितरण प्रणाली और ई-जर्नल्स की उपलब्धता से शिक्षण व्यवस्था को आधुनिक बनाया गया है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षा, शोध और नवाचार के माध्यम से सुसंस्कृत समाज एवं सुदृढ़ राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रतिबद्ध है।

#### शिक्षा से राष्ट्र निर्माण : प्रो. शर्मा

दीक्षांत अतिथि प्रो. भगवती प्रकाश शर्मा ने कहा कि शिक्षा केवल डिग्री नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना, नैतिकता और राष्ट्रभक्ति के संस्कारों का माध्यम है। उन्होंने कहा कि देश की प्रगति का भविष्य करोड़ों विद्यार्थियों की गुणवत्ता पर निर्भर करता है। भारत आज युवा शक्ति के बल पर वैश्विक अर्थव्यवस्था में सशक्त भूमिका निभा रहा है। उन्होंने 'मेड बाय इंडिया' अभियान को प्रोत्साहित करने तथा तकनीकी राष्ट्रवाद की भावना को अपनाने का आह्वान किया।

दीक्षांत समारोह में 80,117 उपाधियों का वितरण किया गया। वर्ष 2023 में कला संकाय की पीजी विद्यार्थी वैशाली अग्रवाल को कुलाधिपति पदक तथा वाणिज्य संकाय के यूजी विद्यार्थी दीपांश को कुलपति पदक प्रदान किया गया। विभिन्न संकायों में मेरिट में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले 60 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। संकायवार उपाधियों में कला संकाय से 51 हजार 23, शिक्षा से 11 हजार 444, समाज विज्ञान से 7 हजार 324, विज्ञान से 6 हजार 906, वाणिज्य से 3 हजार 313 एवं विधि संकाय से 107 विद्यार्थियों को उपाधियां दी गई। इनमें 41 हजार 644 छात्राएं एवं 38 हजार 473 छात्र थे।

#### 81 शोधार्थियों को पीएचडी

वर्ष 2023 के लिए कुल 81 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। इनमें 44 छात्र एवं 37 छात्राएं सम्मिलित हैं। संकायवार पीएचडी वितरण में विज्ञान संकाय में 28, कला में 24, समाज विज्ञान में 21, वाणिज्य में 6, विधि एवं शिक्षा संकाय में एक-एक शोधार्थी को पीएचडी की उपाधि दी गई। समारोह में विधायक कल्पना देवी,संभागीय आयुक्त अनिल कुमार अग्रवाल, वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रो. बीएल वर्मा, कृषि विश्वविद्यालय की कुलगुरू प्रो. विमला डूंकवाल, राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रो. निमित चौधरी, विभिन्न महाविद्यालय के प्राचार्य, संकायों के अधिष्ठाता, प्रबंध मंडल के सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार राजपाल सिंह ने किया।

---

यूनिवर्सिटी चेयरपर्सन आरडी मीणा के परिवार की पहल

## केदार बाई ने अलोदा में विद्यालय हेतु दान की 2 बीघा भूमि



स्मार्ट हलचल

**कोटा।** शिक्षा के क्षेत्र में साहसिक और मिसाल कायम करने वाला कदम शिक्षा के क्षेत्र में एक सशक्त, दूरदर्शी और समाज को झकझोर देने वाला कदम उठाते हुए जय मिनेश आदिवासी यूनिवर्सिटी के चेयरपर्सन आरडी मीणा की पत्नी ने ग्रामीण शिक्षा को नई दिशा देने का ऐतिहासिक कार्य किया है। उनकी धर्मपत्नी श्रीमती केदार बाई ने अपने पैतृक गांव अलोदा में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के लिए 2 बीघा भूमि दान कर यह स्पष्ट संदेश दिया कि भविष्य की सबसे बड़ी पूंजी शिक्षा है, और शिक्षा से बड़ा कोई दान नहीं।

यह दान केवल जमीन नहीं, बल्कि बच्चों के सपनों की बुनियाद, समाज के विकास की रीढ़, और अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ता एक मजबूत कदम है। इससे विद्यालय के भवन, कक्षाओं और शैक्षणिक सुविधाओं के विस्तार का रास्ता खुलेगा, वहीं ग्रामीण बच्चों को बेहतर, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अवसर मिलेगा।

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों और समाजसेवियों ने इस कदम को क्रांतिकारी और ऐतिहासिक बताया। वक्ताओं ने दो टूक कहा कि जो समाज शिक्षा को प्राथमिकता देता है, वही प्रगति की दौड़ में आगे रहता है।आरडी मीणा के नेतृत्व में यूनिवर्सिटी पहले से ही आदिवासी समाज में शिक्षा, जागरूकता और सशक्तिकरण की मजबूत अलख जगा रही है। उनके परिवार का यह भूमि दान उसी सामाजिक संकल्प का विस्तार है, जो शिक्षा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराता है।

ग्रामीणों ने केदार बाई के इस कार्य को सिर्फ दान नहीं, बल्कि एक चुनौती और प्रेरणा बताया – कि अगर हर सक्षम व्यक्ति शिक्षा के लिए आगे आए, तो कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहेगा।

---

## देवधाम जोधपुरिया में भगवान देवनारायण के जन्मोत्सव पर तीन दिवसीय लक्खी मेला शुरू

स्मार्ट हलचल

**निवाई।** देवधाम जोधपुरिया में भगवान देवनारायण के जन्मोत्सव के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय लक्खी मेला महोत्सव का शुभारंभ भव्य ध्वज पूजन के साथ हुआ। ध्वज पूजन हरभांवता आश्रम के संत महामंडलेश्वर बालकानंदगिरी महाराज सहित कई संतों के सानिध्य में विधि-विधान से संपन्न हुआ। मेले के शुभारंभ समारोह में गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम एवं विधायक रामसहाय वर्मा मौजूद रहे। दोनों जनप्रतिनिधियों को शोभायात्रा के दौरान सुसज्जित हाथी पर बिठाया गया। मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष नरेश गुर्जर, महामंत्री रतनदीप गुर्जर एवं कोषाध्यक्ष जगदीश नारायण बोकण, व पूर्व देवनारायण मंदिर ट्रस्ट कमेटी अध्यक्ष सुरज्ञान खाटरा के सानिध्य में अतिथियों का स्वागत किया।

तीन दिवसीय मेले के आरंभ के अवसर पर संत समागम एवं विशाल ध्वज शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा छौरिया बालाजी धाम छौरियां से प्रातः 9 बजे भव्य स्वागत सत्कार के साथ रवाना हुई छोरियां बालाजी मंदिर समिति पदाधिकारीयों व पूर्व सरपंच श्योजी राम गुर्जर, अंबालाल गुर्जर, माधोलाल मीणा, मोरपाल गुर्जर, शयोपाल मीणा, रामरख, सहित तमाम स्थानीय प्रबुद्ध जनों के नेतृत्व में भव्य स्वागत सत्कार मान-सम्मान किया गया अतिथियों व शोभायात्रा में पधारें साधु-संतों का प्रातः 9.30 बजे भव्य स्वागत सत्कार के साथ रवाना होकर लगभग 3 किलोमीटर का सफर तय करते हुए देवधाम जोधपुरियां पहुंची।

शोभायात्रा में हाथी, घोड़े, ऊंट, बग्गी, बैंड-बाजे के शाही लवाजमे के साथ श्री दादूदयाल जमात अखाड़ा भी शामिल रहा। भजनों और जयकारों से पूरा मार्ग भक्तिरस में सराबोर रहा। शोभायात्रा के दौरान हजारों महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर भागीदारी निभाई। मंदिर परिसर पहुंचने पर विधिवत आरती की गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इसके बाद शिव मंदिर जोधपुरिया से देवधाम तक विशाल कलश यात्रा निकाली गई। दोपहर 1.15 बजे मुख्य मंदिर प्रांगण में ध्वज पूजन समारोह आयोजित हुआ। इस दौरान धार्मिक अनुष्ठान, शोभायात्राएं एवं विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। लक्खी मेले में दूर-दराज के क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु पहुंचकर भगवान देवनारायण के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। इस अवसर पर कर्मानंद महाराज घाटा करिरिया, विवेकानंद महाराज लुनेरा, ज्ञानानंद महाराज व शिवपाला नन्द महाराज जगतपुरा आश्रम सहित कई संत व श्रद्धालु मौजूद थे।

---

## विद्यालय में सुभाष जयंती बसंत पंचमी मनाई

स्मार्ट हलचल।चौमहला

क्षेत्र के राजकीय विद्यालयों में शुक्रवार को विभागीय निर्देशानुसार मेगा पी टी एम, बसंत पंचमी व सुभाष जयंती मनाई गईं।

राजकीय उच्च मध्यमिक विद्यालय चौमहला मे प्रधानाचार्य कालू लाल शर्मा ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की,व्याख्याता विवेकानन्द विश्वकर्मा एवं समस्त स्टाफ द्वारा मां सरस्वती की पूजा की गई, मेगा पेरेंट मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों के अभिभावकों ने हिस्सा लिया जिन्हें बच्चों के शैक्षिक विकास के बारे में चर्चा की गई, एस एम सी की बैठक का आयोजन किया गया, मुख्यमंत्री का सीधा संवाद भी बच्चों ओर उनके अभिभावकों को सुनाया गया , कृष्ण भोग का आयोजन किया गए, ओर विद्यालय मे निपुण मेले का आयोजन किया गया जहां बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया और प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पाने वाले ,विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गंगधार द्वारा पंचायत क्षेत्र के सभी स्कूलों का निपुण मेला नूतन स्कूल में आयोजित किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सरपंच राजेश नीमा रहे अध्यक्षता प्रधानाचार्य मनोहर दास बैरागी ने की मेले में बालिका स्कूल,महात्मा गांधी



स्कूल,खेड़ा गंगधार के छात्र छात्राओं ने भाग लिया इस दौरान व्याख्याता ओम प्रकाश शर्मा,धर्मेश नीमा ,मेला प्रभारी प्रभुलाल मेहर उपस्थित रहे।

राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय गंगधार में भी बसंत पंचमी व सुभाष जयंती मनाई गई । कार्यक्रम का प्रारम्भ प्राचार्य लाल चंद सोनी द्वारा माँ सरस्वती को माल्यार्पण कर की गई, विद्यार्थियों को बसंत पंचमी के महत्त्व व नेताजी सुभाष चंद बोस के जीवन परिचय से परिचित करवाया गया।

इस अवसर पर पर्यावरण विद दशरथ नंदन पांडे द्वारा प्रकृति के बसंती रूप से विद्यार्थियों को परिचित करवाया गया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ द्वारा पाँच कुशन चेयर विद्यालय को भेंट दी गई। इसी अवसर पर सीसीटीवी कैमरे देखने हेतु जनसहयोग से प्राप्त बत्तीस इंच स्क्रीन का भी शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का संचालन कम्प्यूटर अनुदेशक हर्षन्ना श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

---

## नि:शुल्क सर्व रोग जांच निदान शिविर में 1250 मरीजों की जांच



### 250 का आपरेशन के लिए चयन

स्मार्ट हलचल

**चौमहला।** स्व दीपचंद जैन की स्मृति में उनके 94वें जन्म दिवस के उपलक्ष में श्रीमती सीताबाई दीपचंद जैन चेरीटेबल द्वारा श्री नागेश्वर पार्श्वनाथ तीर्थ पर एक दिवसीय निःशुल्क सर्व रोग जॉच निदान एवं दवाई वितरण शिविर का आयोजन किया गया,।

जिसमें धीरज हॉस्पिटल, वडौदरा गुजरात के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा 1250 मरीजों की जॉच कर 250 से अधिक गंभीर रोगों के मरीजों का आपरेशन के लिए चयन किया गया। जिनको आपरेशन हेतु आगामी 27 जनवरी को धीरज हॉस्टिपल की निःशुल्क बस सेवा से बडौदरा के लिए रेफर किया जावेगा।

चिकित्सा शिविर में स्त्री रोग, दंत रोग, नाक कान गला रोग, कान के सुनने की क्षमता, न्यूरोलॉजी, यूरोलॉजी, श्वास, अस्थमा, जनरल फिजिशियन, हड्डी रोग,फिजियोथेरेपी, ई.सी.जी. एवं स्पीच थेरेपी के साथ ही ब्लड एवं शुगर की जॉच भी निःशुल्क की गई। इस अवसर पर सीताबाई दीपचंद जैन चेरीटेबल ट्रस्ट की ओर से हॉस्टिपल प्रबंधक शिवराज सिंह एवं डॉ थोसाशाह, मेल्वीनभाई, डॉ. जयनीशशाह, डॉ प्रसेन शाह आदि का बहुमान किया गया।

ज्ञात हो कि श्री दीपचंदजी जैन ने श्री नागेश्वर पार्श्वनाथ तीर्थ के विकास एवं उत्थान में में अपना अमूल्य योगदान प्रदान किया है। जन्मोत्सव के अवसर पर यहाँ मंदिर प्रांगण में स्थित उनकी प्रतिमा पर परम पूज्य आचार्य श्री जितरत्नसागरसूरीजी एवं साध्वी श्री चन्दनबालाश्रीजी, श्री शासनज्योतिश्रीजी आदि ठाणा की निश्रा में परिवार के सीताबाई जैन, मोहनलाल, धर्मचंद जैन सहीत उपस्थित संघ के सदस्यों ने पुष्पहार अर्पित कर श्री जैन को श्रद्धांजली प्रदान करी।

---

## बसंत पंचमी प्राचीन भारतीय परंपरा का पावन उत्सव : आंजना

### बसंत पंचमी के अवसर पर मां सरस्वती की पूजा कर आंजना ने करवाया बच्चों को भोजन

स्मार्ट हलचल| निंबाहेड़ा

बसंत पंचमी के अवसर पर राजस्थान सरकार के पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने डांक बंगला रोड स्थित जनता मैदान के समीप राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में मां सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना की। पूजा उपरांत पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को भोजन प्रसाद करवा धर्मलाभ लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बसंत पंचमी प्राचीन भारतीय संस्कृति और परंपरा का महत्वपूर्ण पर्व है, जो ज्ञान, विद्या, कला और संस्कारों का प्रतीक है। मां सरस्वती की आराधना से जीवन में विवेक, सद्बुद्धि एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षा को जीवन का



आधार बनाते हुए नैतिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया तथा कहा कि ऐसे पर्व नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ने का कार्य करते हैं। विद्यालय परिवार ने आंजना सहित अन्य जनप्रतिनिधियों का उपर्णा ओढ़ा स्वागत अभिनंदन किया।

कार्यक्रम में निंबाहेड़ा नगर पालिका के निवर्तमान अध्यक्ष सुभाषचन्द्र शारदा, नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बंशीलाल राईवाल, नगर कांग्रेस संगठन महासचिव रविप्रकाश सोनी, जिला फुटबॉल संघ कोषाध्यक्क मनोज पा, केली कांग्रेस मंडल अध्यक्ष पिंकेश जैन, पूर्व पार्षद राजेश सांड, धर्मचंद राव सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

---

## राणा सांगा ट्रॉफी ओपन जूनियर यूथ बॉयज एंड गर्ल्स बॉक्सिंग चैंपियनशिप में चौथे दिन क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले गए

स्मार्ट हलचल|उदयपुर

राणा सांगा ट्रॉफी जूनियर यूथ बॉयज एंड गर्ल्स बॉक्सिंग चैंपियनशिप के चौथे दिन क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले गए आयोजन सचिव रामचन्द्र सालवी ने बताया कि क्वार्टर फाइनल मुकाबलों के लाइट फ्लाई वेट वर्ग में सिक्किम के आकाश ने राजस्थान के राहुल को पंजाब को कृष्ण गुप्ता उत्तर प्रदेश ने अक्षय आंध्र प्रदेश को अर्णव दहिया दिल्ली ने राहुल हरियाणा को हिमांशु पंजाब ने हर्ष कालिया अरुणाचल प्रदेश को फ्लाई वेट वर्ग में मानसू हरियाणा ने यांत्रिक पंघाल वेस्ट बंगाल को मयंक उड़ीसा ने गौरव सांगवान चंडीगढ़ को संजय के पंजाब ने आदित्य शर्मा को अर्जुन सिक्किम ने आर्य कुमार उप्र को बेंटम वेट वर्ग में अंकित चंडीगढ़ को



इंद्रजीत सिंह पंजाब ने राज गुप्ता ने मनन खंडेलवाल राजस्थान को राम गुप्ता उप्र ने प्रियांशु दिल्ली ने युवराज बिहार को लक्ष्य गोदारा जम्मू कश्मीर ने प्रवीण उत्तराखंड को साहिल जट पंजाबी ने जतिन मिजोरम को दीपांशु दिल्ली में जतिन पंजाब को पढ़ने दुबे आदित्य वेस्ट बंगाल को निशांत हर्षित है निशांत जम्मू कश्मीर रौनक वेस्ट बंगाल में श्याम तेलंगाना को गांव में हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

सचिव डॉ.हेमराज चौधरी ने बताया कि पूर्व में उदयपुर के जूनियर वर्ग में राष्ट्रीय हैवीवेट चैंपियन चैंपियन अक्षय सिंह हाड़ा का आयोजन समिति द्वारा स्वागत अभिनंदन किया गया। आज सांय से से पुरुष वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबले प्रारंभ होंगे।

---

## खाद्य रजिस्ट्रेशन एवं लाइसेंस शिविरो का हुआ आयोजन

27 जनवरी को मोलेला 28 जनवरी को नाथद्वारा में लगेंगे शिविर



स्मार्ट हलचल|राजसमंद

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग के द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत खाद्य कारोबार करने हेतु खाद्य रजिस्ट्रेशन एवं लाइसेंस शिविर का आयोजन कुम्भलगढ़, केलवा एवं राजनगर में किया गया। जिसमें 93 खाद्य रजिस्ट्रेशन एवं 17 लाइसेंस जारी किये गये। वहीं आगामी 27 जनवरी को खमनोर ब्लॉक के मोलेला में ग्राम पंचायत तथा 28 जनवरी को नाथद्वारा शहर में तहसील रोड़ स्थित मान भवन में शिविरो का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी सीएमएचओ डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल ने दी।

उन्होंने बताया कि खाद्य सुरक्षा आयुक्त डॉ टी. शुभमंगला के निर्देशो पर जिले में शिविरो का आयोजन किया गया। शिविरो में किराणा, रेस्टोरन्ट, खाद्य निर्माता, फल, सब्जी विक्रेता, केन्टीन, दुग्ध विक्रेता, पतासी, चाट विक्रेता आदि के लाइसेंस व रजिस्ट्रेशन मौके पर ही जारी किये गये। शिविर में खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रेमचन्द शर्मा ने खाद्य कारोबारीयों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 को लेकर जागरूक किया। उन्होंने बताया कि बिना खाद्य लाइसेंस के कारोबार करने पर खाद्य कारोबारकर्ता के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। आगामी दिनो में भी जिले के विभिन्न स्थानो पर शिविर का आयोजन किया जायेगा।

---

## बस्सी विद्यालय में 23 वा माँ सरस्वती पूजन आयोजन धूमधाम से मनाया

### बसंत पंचमी के उपलक्ष में हुआ आयोजन

स्मार्ट हलचल

**चित्तौड़गढ़(** बस्सी कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में स्थित माँ सरस्वती मंदिर में बसंत पंचमी के उपलक्ष में 23 वा माँ सरस्वती पूजन महोत्सव धूमधाम से मनाया गया । बसंत पंचमी के उपलक्ष में शुक्रवार को बस्सी कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में क़स्बे के समस्त सरकारी एवं निजी विद्यालय के विद्यालय स्टाफ, विद्यार्थियों एवं ग्रामवासियों, शिक्षाविद जनप्रतिनिधियों ने सामूहिक रूप से मां सरस्वती मंदिर में पूजा अर्चन कर मां शारदे को नमन किया! कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजसेवी कालूसिंह सोलंकी कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के मुकेश जागेटिया, ने की कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि गोपाल चौबे, शिक्षाविद दुर्गा सुखवाल, उपनिदेशक पशुपालन विभाग हनुमान आर्य, बस्सी थाना अधिकारी चम्पालाल मेघवाल, राम गोपाल ओझा, प्रहलाद राय मूंदड़ा, सत्यनारायण आचार्य, बगदी राम धाकड़, सोहनलाल खटीक, छोटू लाल धाकड़, जगदीश भांड, कालू व्यास, जगदीश कोठारी, राजेश बाफना, योगेश मूंदड़ा, प्रकाश पुरोहित, नयन ओझा आशीष प्रजापत, बिधार्थी परिषद के कमल प्रजापत , अदिति कँवर भाटी, दीपा जाट आदि मौजूद रहे । मा सरस्वती




पूजन आयोजन समिति के रमेश जागेटिया, जगदीश सिसोदिया, हरीश उपाध्याय, सुनील माली, धीरज खटीक, सुभम चेचानी विशाल हरिजन ने कार्यक्रम मे सहयोग किया ।

आयोजन समिति के संयोजक सीपी नामधरानी ने सभी का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया! राज्य सरकार द्वारा इस वर्ष से बसंत पंचमी के पावन अवसर पर कृष्ण भोग एवं सरस्वती पूजन करवाने के लिए कार्यक्रम जारी किया गया है। सभी विद्यालयों में बसंत पंचमी के उपलक्ष में बसंत पंचमी के अवसर पर मा सरस्वती पूजन और कृष्ण भोग का आयोजन किए जाएंगे । मां सरस्वती पूजन आयोजन समिति के संयोजक सीपी नामधरानी ने बताया कि बस्सी विद्यालय में मां सरस्वती पूजन आयोजन समिति द्वारा पिछले 23 वर्षों से अनवरत रूप से मां सरस्वती पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसके तहत ग्रामवासियों के सामूहिक सहयोग से विद्यालय के बच्चों को हर वर्ष भोजन करवाया जाता है । बस्सी विद्यालय में इस तरह का अनूठा आयोजन पिछले 23 वर्षों से लगातार चल रहा है जिसमें गाँव के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालय के स्टाफ, विद्यार्थियों, ग्रामवासियों का हर साल अच्छा सहयोग रहता है। केलजर विद्यालय में मां सरस्वती मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा बसंत पंचमी के उपलक्ष में केलजर विद्यालय के नवनिर्मित सरस्वती मंदिर में मां सरस्वती की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम हुआ । विद्यालय में प्रथम बार मां सरस्वती पूजन का कार्यक्रम आयोजन हुआ! मां सरस्वती पूजन आयोजन समिति के घनश्याम तेली ने बताया कि केलजर विद्यालय के सरस्वती मंदिर में मां सरस्वती की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा सत्यनारायण नामधरानी और विमला देवी नामधराणी के द्वारा करवाई गई । कार्यक्रम में आयोजन समिति के संयोजक सीपी नामधरानी, रामगोपाल ओझा, सोहनलाल खटीक, कालू व्यास, जगदीश भांड, रविंद्र टेलर , केलजर विद्यालय के प्रधानाचार्य दिनेशचंद्र अग्रवाल, फुसरिया प्रधानाचार्य शबाना गोरी आदि मौजूद रहे । आयोजन समिति से जुड़े ओमप्रकाश आचार्य, कालू लाल गुर्जर, आसाराम जाट, पवन तेली कार्यक्रम में सहयोग किया। स्थानीय विद्यालय के सभी अध्यापक, विद्यार्थी कार्यक्रम में भागीदारी निभाई।

# अवैध पोल्ट्री फार्म से जनजीवन बेहाल, ग्रामीणों ने प्रशासन से की सख्त कार्रवाई की मांग,गंदगी, दुर्गंध और बीमारियों का खतरा बढ़ा, बच्चों व बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर असर

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** जिले के ग्रामीण क्षेत्र में संचालित अवैध पोल्ट्री फार्म ग्रामीणों के लिए गंभीर समस्या बनते जा रहे हैं। ग्राम फतेहगढ़ सल्ला एवं डूंगरखेड़ा सहित आसपास के क्षेत्रों में बिना वैध अनुमति के चल रहे पोल्ट्री फार्मों के कारण पूरे गांव में गंदगी, दुर्गंध और मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि इन फार्मों से निकलने वाले अपशिष्ट और बदबू के चलते क्षेत्र में बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ रहा है।




ग्रामीणों द्वारा जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट के नाम ज्ञापन भेजकर बताया गया कि पोल्ट्री फार्म आवासीय क्षेत्र के बेहद नजदीक संचालित हो रहे हैं, जिससे बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। सांस संबंधी रोग, त्वचा रोग, आंखों में जलन, उल्टी-दस्त तथा वायरल संक्रमण जैसी समस्याएं आम हो गई हैं।

ग्रामीणों का यह भी कहना है कि पोल्ट्री फार्म के आसपास फैली गंदगी के कारण मक्खी-मच्छरों का अत्यधिक प्रकोप है, जिससे डेंगू, टायफाइड जैसी बीमारियों का खतरा बना हुआ है। दुर्गंध के चलते लोगों का घरों में रहना मुश्किल हो गया है और मानसिक तनाव भी बढ़ रहा है।

शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया कि नियमों की अनदेखी कर पोल्ट्री फार्म संचालित किए जा रहे हैं, जिससे भूमि और जल प्रदूषण हो रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि अवैध रूप से चल रहे पोल्ट्री फार्मों के खिलाफ तत्काल प्रभाव से सख्त कार्रवाई की जाए तथा प्रभावित ग्रामीणों को राहत प्रदान की जाए। प्रशासन से अपेक्षा की जा रही है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए शीघ्र निरीक्षण कर नियम विरुद्ध संचालित पोल्ट्री फार्मों को बंद कराया जाएगा, ताकि ग्रामीणों को इस समस्या से निजात मिल सके। ज्ञापन के दौरान सरपंच प्रतिनिधि आमना, ईशफाक खान, भंवरू, मोहम्मद, बबलूदीन, गीता, हरि, शांति, मोहम्मद शहजाद, याकूब, शकील, अमीन आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# मांडव ऋषि योग आश्रम की बालिकाओं ने बनाई टॉप10 में जगह,नेशनल गेम्स के लिए हुआ चयन

स्मार्ट हलचल

**नगर फोर्ट।** मांडव ऋषि योग आश्रम के संस्थापक योग गुरु महेन्द्र साहू ने बताया कि अस्मिता खेलो इंडिया वोमेन्स जोनल लीग 2026 वेस्ट जॉन में भाग लेने वाली बालिकाओं में गायत्री गोस्वामी ने ट्रेडिशनल इंडिविजुअल इवेंट में और रुनझुन भट्ट ने आर्टिस्टिक सिंगल में टॉप 10 में जगह बनाई और आने वाली राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में अपना स्थान सुनिश्चित किया।योग गुरु महेन्द्र साहू और सर्वत्र नेचर के संस्थापक हनुमान बैरवा ने दोनों बालिकाओं का माला पहना कर अभिनंदन किया व बधाई दी।मौके पर योग इंस्ट्रक्टर इशिका नागर ,योगिनी कीर्ति व आश्रम के अन्य योगिजन उपस्थित रहे।



# ग्राम उत्थान शिविर का, उपखंड अधिकारी दिव्यांश सिंह ने किया निरीक्षण




स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** राज्य सरकार के ग्राम-2026 अभियान के अंतर्गत जवाजा उपखंड के ग्राम जालीया प्रथम में आयोजित ग्राम उत्थान शिविर का उपखंड अधिकारी दिव्यांश सिंह ने निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने शिविर में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आमजन की समस्याओं का तत्काल, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उपखंड अधिकारी ने कहा कि ग्राम उत्थान शिविरों का उद्देश्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को सीधे गांव और खेत तक पहुंचाना है, जिससे अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा के पहुंचे। इन शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण कर प्रशासन को जनता के और अधिक निकट लाया जा रहा है।

शिविर के दौरान पशुपालन, कृषि, कृषि विपणन, ऊर्जा विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। उन्होंने ग्रामीणों को संबंधित योजनाओं की जानकारी दी तथा प्राप्त आवेदनों पर तत्काल कार्यवाही करते हुए समाधान प्रदान किया।

# देशभक्ति व राष्ट्रीय एकता के प्रतीक नेताजी सुभाष चन्द्र युवाओं के प्रेरणास्रोतः डॉ.मधुसूदन मालानी

**नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर रक्तदान शिविर का आयोजन, जिला कलेक्टर व सीएमएचओ भी रहे उपस्थित**

स्मार्ट हलचल

**पिलानी।** तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा के नारे का उद्घोष करने वाले स्वतंत्रता संग्राम के महान सेनानी नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर बिरला सार्वजनिक अस्पताल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। भाजपा के युवा नेता डॉ.मधुसूदन मालानी के संयोजन में आयोजित इस शिविर के मुख्य अतिथि झुन्झुनू जिला कलेक्टर डॉ.अरूण गर्ग व झुन्झुनू सीएमएचओ डा.छोटेलाल गूर्जर थे। मुख्य अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा की पूजा अर्चना कर शिविर का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर डॉ.मालानी ने सुभाष चन्द्र बोस को याद करते हुए कहा कि राष्ट्रभक्ति व एकता को लेकर उनके विचार आज भी प्रासंगिक व युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। रक्तदान मानवीय सरोकार और परोपकार का उत्कृष्ट उदाहरण है, जो किसी जरूरतमंद को जीवनदान देकर अतुलनीय आत्मसंतुष्टि प्रदान करता है। यह एक निस्वार्थ सेवा है, जो जाति व धर्म से परे जाकर भाईचारे को बढ़ावा देती है। नेताजी ने जिस तरह से खून के बदले आजादी देने का वादा किया था, उसी तरह रक्तदाताओं का दान किया रक्त किसी के घर को आबाद करने मे सहायक हो सकता है। जिला कलेक्टर डॉ.अरूण गर्ग ने डॉ.मालानी द्वारा किए जा रहे सामाजिक सरोकार के विभिन्न कार्यों की सराहना की। डॉ.मालानी ने डॉ.अरूण गर्ग व डॉ.छोटेलाल गूर्जर का फूलों का गुलदस्ता देकर गर्मजोशी से स्वागत किया।



# श्रीसंघ द्वारा चन्द्र प्रभू मंदिर की 15 वीं वर्शगांठ मनाई

स्मार्ट हलचल | बारां

चन्द्र प्रभू मंदिर के अध्यक्ष राजेन्द्र रंगावत, विधायक एवं पूर्व मंत्री प्रमोद जैन भाया व गौश्रम मारू ने जानकारी देते हुए बताया कि श्रीसंघ की मौजूदगी में गाजे-बाजे के साथ चन्द्रप्रभूजी मंदिर की 15वीं वर्षगांठ मनाई गई। बसंत पंचमी के दिन ही इस मंदिर पर पहली ध्वजा पहराई थी।

विधायक एवं पूर्व मंत्री भाया ने बसंत पंचम का महत्व बताते हुए कहा कि भारत में बसंत पंचमी का त्यौहार केवल एक ऋतु परिवर्तन का प्रतीक नहीं, बल्कि यह ज्ञान, कला और नई शुरुआत का एक पावन संगम है। हिन्दू पंचांग के अनुसार, माघ मास की शुक्ल पक्ष की पंचमी को यह पर्व बड़े उत्साह से मनाया जाता है।

गौधाम बोरडिया व नवयुवक मण्डल सचिव राहुल मारू ने बताया कि चन्द्र प्रभूजी की मुख्य ध्वजा, सश्रभेदी पूजा व स्वामी वात्सल्य के लाभार्थी विधायक एवं पूर्व मंत्री प्रमोद जैन भाया, जिला प्रमुख उर्मिला जैन भाया व युथ अध्यक्ष यश जैन भाया रहे।



महिला मण्डल अध्यक्ष उर्मिला जैन भाया, निर्मला बोरडिया व चेतना श्रीमाल ने बताया कि विमलनाथ भगवान की ध्वजा का लाभ सुरेश कुमार अशोक बोरडिया परिवार ने लिया। छोटे भगवान चन्द्र प्रभूजी की ध्वजा का लाभ हेमन्त श्रीमाल, ऋषभ श्रीमाल व बुद्धिप्रकाश मारू ने लिया। इस अवसर समस्त श्रीसंघ उपस्थित रहा।

पूजा-पाठ से सम्बंधित समस्त कार्य राजेश जी पूजारी द्वारा विधिवत रूप से सम्पन्न किये गये।

# मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास-एनसीबी हेड घनश्याम सोनी की बैठक, नशा तस्करों पर और सख्ती के संकेत

स्मार्ट हलचल | जयपुर

राजस्थान में नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चल रही निर्णायक कार्रवाई को और धार देने के उद्देश्य से नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) राजस्थान के प्रमुख घनश्याम सोनी ने माननीय मुख्य सचिव राजस्थान श्री वी. श्रीनिवास आईएएस से मुलाकात की। बैठक में नशा तस्करी के नेटवर्क को पूरी तरह ध्वस्त करने को लेकर स्पष्ट और सख्त रणनीति पर चर्चा हुई।

एनसीबी हेड घनश्याम सोनी ने मुख्य सचिव को अवगत कराया कि उनके नेतृत्व में राजस्थान देश के उन राज्यों में शामिल हो चुका है, जहां नशा तस्करों के लिए काम करना बेहद मुश्किल हो गया है। सीमावर्ती क्षेत्रों से लेकर शहरी इलाकों तक तस्करी की सप्लाई चेन को तोड़ने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। बड़ी मात्रा में मादक पदार्थों की जब्ती, अंतरराज्यीय गिरोहों का खुलासा और तस्करों की गिरफ्तारी से नशा कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

बैठक के दौरान सोनी ने बताया कि एनसीबी राजस्थान अन्य केंद्रीय व राज्य एजेंसियों के साथ समन्वय कर तस्करी के हर रास्ते पर नजर बनाए हुए है। तकनीकी निगरानी, खुफिया इनपुट और त्वरित कार्रवाई के चलते नशे के नेटवर्क कमजोर पड़े हैं।

माननीय मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने एनसीबी राजस्थान द्वारा की जा रही कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नशा न केवल कानून-व्यवस्था की चुनौती है, बल्कि युवाओं और समाज के भविष्य से जुड़ा गंभीर मुद्दा है। राज्य सरकार इस अभियान में हर स्तर पर सहयोग करेगी।

गौरतलब है कि घनश्याम सोनी की सख्त कार्यशैली और जीरो टॉलरेंस नीति के चलते राजस्थान में नशीले पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगा है। लगातार हो रही कार्रवाई से यह साफ संकेत मिल रहा है कि प्रदेश में नशा कारोबार के लिए अब कोई जगह नहीं बचने दी जाएगी।

# आलनियावास में हिंदू सम्मेलन, वाहन रैली निकली



## जगह-जगह हुआ पुष्प वर्षा से स्वागत, धार्मिक उत्साह का वातावरण देखा गया

स्मार्ट हलचल

**मेड़ता रोड।** आलनियावास में हिंदू सम्मेलन के अंतर्गत युवाओं ने वाहन रैली का आयोजन किया। बड़ी संख्या में युवाओं ने हाथों में भगवा ध्वज लेकर इस रैली में उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली का शुभारंभ रामानंद आश्रम से हुआऔर यह सब्जी चौराहा, सदर बाजार, इमाम चौक, गढ़ के सामने, मालियों की हथाई तथा गायत्री मंदिर से होते हुए पुनः आश्रम परिसर में समाप्त हुई।

रैली के मार्ग में कस्बे के सब्जी विक्रेताओं ने जेसीबी मशीन से पुष्प वर्षा कर युवाओं का स्वागत किया। विभिन्न मोहल्लों में भी स्थानीय नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर प्रतिभागियों का अभिनंदन किया। इस दौरान पूरे मार्ग पर धार्मिक उत्साह का वातावरण देखा गया।

इस कार्यक्रम में विभिन्न आश्रमों से आए संत-महात्माओं ने भी भाग लिया और युवाओं को मार्गदर्शन प्रदान किया। रैली के साथ ही कस्बे के विभिन्न मंदिरों में हनुमान चालीसा का पाठ भी किया गया। इसके अतिरिक्त, प्रतिदिन सुबह प्रभात फेरी के माध्यम से भजन-कीर्तन का आयोजन भी जारी है।

इस अवसर पर सनातन धर्म में आस्था रखने वाले लोगों ने अपने घरों और प्रतिष्ठानों पर भगवा ध्वज फहराए, जिससे हिंदू एकता और सांस्कृतिक चेतना का संदेश दिया गया। आयोजकों ने संगठित हिंदू समर्थ भारत के विचार को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प व्यक्त किया।

कार्यक्रम में बाला प्रसाद बोहरा, जुगराज बावरी, रामाकिशन लाटा, रमेश सोनी, ओमप्रकाश छापरवाल, दशरथ सिंह सिसोदिया सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे। इन सभी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।

# एमडीएसयू परीक्षा परिणामों को लेकर छात्रों का आक्रोश, अनियमितओं, मूल्यांकन में लापरवाही व वायरल वीडियो से उजागर घोटाले की निष्पक्ष जांच की मांग

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर में हाल ही में घोषित परीक्षा परिणामों को लेकर छात्रों में भारी आक्रोश व्याप्त है। विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों एवं पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों ने परीक्षा परिणामों में गंभीर अनियमितताओं, मूल्यांकन प्रक्रिया में लापरवाही, रिवैल्यूएशन व रीचेकिंग प्रक्रिया बंद किए जाने तथा वायरल वीडियो के माध्यम से सामने आए कथित परीक्षा घोटाले की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति के नाम सामूहिक ज्ञापन सौंपा है।




छात्रों का आरोप है कि हालिया परिणामों में असामान्य रूप से बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को बैक दी गई है अथवा फेल घोषित किया गया है, जबकि उनका परीक्षा प्रदर्शन संतोषजनक रहा। परिणाम जारी होने के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा रिवैल्यूएशन और रीचेकिंग की प्रक्रिया को पूरी तरह बंद कर दिया गया, जिससे छात्रों को अपने वैधानिक अधिकारों से वंचित होना पड़ रहा है।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें कुछ शिक्षक स्वयं उत्तरपुस्तिकाओं की जांच न कर छात्रों से ही कॉपियां चेक करवाते नजर आ रहे हैं। यह कृत्य परीक्षा की गोपनीयता, निष्पक्षता और विश्वविद्यालय नियमों का गंभीर उल्लंघन बताया गया है। छात्रों का कहना है कि इस पूरे घटनाक्रम ने विश्वविद्यालय की परीक्षा प्रणाली की पारदर्शिता और विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं तथा हजारों छात्रों का भविष्य संकट में डाल दिया है।

छात्रों ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय प्रशासन और संबंधित अधिकारियों को बार-बार अवगत कराने के बावजूद अब तक कोई ठोस और पारदर्शी कार्रवाई नहीं की गई। इसको लेकर छात्रों ने माननीय राज्यपाल से अपने कुलाधिपति पद की शक्तियों का प्रयोग करते हुए पूरे मामले की स्वतंत्र एवं उच्चस्तरीय जांच समिति गठित करने, दोषी शिक्षकों व अधिकारियों के खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई करने, रिवैल्यूएशन व रीचेकिंग प्रक्रिया तत्काल बहाल करने तथा निष्पक्ष मूल्यांकन के माध्यम से छात्रों को न्याय दिलाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में समस्त प्रभावित छात्र एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, ब्यावर के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे।

# पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जारोड़ा में भव्य मुख्य द्वार निर्माण हेतु भूमि पूजन संपन्न



स्मार्ट हलचल

**मेड़ता रोड।** निकटवर्ती पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जारोड़ा में विद्यालय के मुख्य द्वार के निर्माण को लेकर विधिवत भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह मुख्य द्वार लगभग 21 लाख रुपये की लागत से बनाया जाएगा, जिसकी ऊंचाई करीब 25 फीट होगी। निर्माण कार्य आगामी दो महीनों में पूर्ण होने की संभावना है।

मुख्य द्वार के निर्माण से विद्यालय की पहचान और गरिमा को नया स्वरूप मिलेगा, साथ ही यह क्षेत्र के शैक्षणिक विकास में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। विद्यालय का मुख्य द्वार न केवल सौंदर्य की दृष्टि से आकर्षक होगा, बल्कि यह पीएम श्री योजना के अंतर्गत विद्यालय के आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में भी अहम साबित होगा।

भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान पीईईओ मोहम्मद अख्तर नदीम, विद्यालय के प्रधानाचार्य सुमित टांक, कैलाश चंद टांक, श्रवण राम मंडा, हनुमान राम दुगस्तवा, रामाकिशन मेहरिया, लाखाराम लामरोड़, कुस्सा राम इनाणिया, हनुमान राम पोटलिया, अनिल जारोड़ा सहित विद्यालय परिवार के सदस्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

इस अवसर पर अतिथियों और ग्रामीणों ने विद्यालय विकास से जुड़े इस कार्य की सराहना करते हुए इसे विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक बताया। वक्ताओं ने कहा कि मजबूत और सुव्यवस्थित शैक्षणिक वातावरण ही विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का आधार होता है।

# पीएम श्री विद्यालय जारोड़ा में एक साथ चार कार्यक्रमों का सफल आयोजन

स्मार्ट हलचल

**मेड़ता रोड।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जारोड़ा में आज एक साथ चार महत्वपूर्ण शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में निपुण मेला, बसंत पंचमी, मेगा पीटीएम तथा कृष्ण भोज कार्यक्रम एक साथ आयोजित किए गए, जिससे पूरे विद्यालय में उत्सव का माहौल देखने को मिला।

कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के पूजन एवं वंदना के साथ की गई। बसंत पंचमी के अवसर पर विद्यार्थियों ने पीले वस्त्र धारण कर सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, वहीं निपुण मेले के माध्यम से बच्चों की बुनियादी शैक्षणिक दक्षताओं का प्रदर्शन किया गया। मेले में विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए शैक्षणिक मॉडल, चार्ट और गतिविधियों को अभिभावकों व अतिथियों ने सराहा।



मेगा पीटीएम कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों के समग्र शैक्षणिक विकास एवं पोषण स्तर पर विशेष ध्यान दिया गया। इसी क्रम में कृष्ण भोज का आयोजन कर विद्यार्थियों को विशेष एवं पौष्टिक भोजन परोसा गया। बच्चों को खीर, पूरी एवं स्वादिष्ट सब्जी परोसी गई, जिसका विद्यार्थियों ने भरपूर आनंद उठाया। भोजन व्यव-स्था को लेकर बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

विद्यालय के प्रधानाचार्य मोहम्मद अख्तर नदीम ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रकार के आयोजनों का उद्देश्य विद्यार्थियों के शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं मानसिक विकास को सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि पीएम श्री योजना के अंतर्गत विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ संस्कार, संस्कृति और पोषण पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

प्रधानाचार्य ने यह भी बताया कि पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जारोड़ा अपने उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण, नवाचारों एवं विद्यार्थियों की उपलब्धियों के कारण प्रदेशभर में प्रसिद्ध है। कार्यक्रम में शिक्षकगण, अभिभावक एवं स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे और सभी ने विद्यालय के प्रयासों की सराहना की।

कार्यक्रम का समापन सकारात्मक संदेश के साथ किया गया कि ऐसे आयोजन भविष्य में भी निरंतर जारी रहेंगे, जिससे विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जा सके। कार्यक्रम के दौरान पीईईओ मोहम्मद अख्तर नदीम, प्रधानाचार्य सुमित टांक, श्रवण राम मंडा,जीवण राम जाजड़ा, दिनेश बेरवा, संजय सिंह सिसोदिया, रेणु कंवर, तथा ओमप्रकाश नैण सहित समस्त विद्यालय परिवार एवं विद्यार्थी मौजूद थे।

# वंदे मातरम के 150 स्वर्णिम वर्षःपंचायत समिति सावर में गूंजा राष्ट्रभक्ति का स्वर, स्वदेशी संकल्प के साथ कार्यक्रमों की शुरुआत

स्मार्ट हलचल

**सावर(अजमेर)।** माँ भारती के चरणों में नमन और राष्ट्रभक्ति के ओजस्वी उद्घोष 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने के पावन अवसर पर पंचायत समिति सावर में देशभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रमों की भव्य शुरुआत हुई। राज्य सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सावर पंचायत समिति मुख्यालय सहित समस्त ग्राम पंचायतों में एक साथ राष्ट्रगीत वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया गया तथा स्वदेशी अपनाने का संकल्प लिया गया।

कार्यक्रम के दौरान कार्यालय परिसर राष्ट्रप्रेम की भावना से गूंज उठा। कार्मिकों ने एक स्वर में वंदे मातरम का गायन कर राष्ट्रीय एकता, स्वाभिमान एवं देश के प्रति समर्पण का संदेश दिया।



पंचायत समिति के विकास अधिकारी चिरंजी लाल वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि 23 जनवरी से 26 जनवरी तक वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विविध राष्ट्रभक्ति गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इन आयोजनों में वंदे मातरम गायन, स्वदेशी संकल्प तथा स्वच्छता अभियान प्रमुख रहेंगे। वहीं 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रगान के उपरांत राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का सामूहिक गायन कर राष्ट्रप्रेम को नई ऊर्जा दी जाएगी।

वंदे मातरम अभियान प्रभारी प्रियंक दाधीच ने बताया कि पंचायत समिति कार्यालय एवं समस्त ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाले इन कार्यक्रमों का उद्देश्य कार्मिकों के साथ-साथ आमजन में भी देशभक्ति, स्वदेशी भावना और राष्ट्रीय चेतना को सुदृढ़ करना है।

इसी क्रम में उपखंड कार्यालय सावर में भी उपखंड अधिकारी डॉ. नेहा राजपूत के निर्देशन में वंदे मातरम गायन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।

पंचायत समिति कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में अतिरिक्त विकास अधिकारी देवकरण बैरवा, लोकेश पारीक, पुष्पेंद्र कुशवाहा, मोहित बंसल, राजकुमार राव, रघु शर्मा, संजय मीणा, दुर्गेश कुमार, सूर्यप्रकाश जांगिड़ सहित अन्य कार्मिकों ने सक्रिय भागीदारी कर राष्ट्रभक्ति का परिचय दिया।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com